C. महाबलेश्वर, सह्याद्री पठार क्षेत्र

D. डोडाबेट्टा, नीलगिरी पहाड़ियाँ

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, रेडॉक्स अभिक्रिया में अपचयन को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

A. ऑक्सीजन का ग्रहण या हाइड्रोजन का ह्रास

B. ऑक्सीजन और इलेक्ट्रॉन दोनों का ग्रहण

C. केवल इलेक्ट्रॉनों का ह्रास

D. हाइड्रोजन का ग्रहण या ऑक्सीजन का ह्रास ✓

**Q2** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, रूक्ष अंतःप्रद्रव्य जालिका को चिकनी अंतःप्रद्रव्य जालिका से विभेदित करता है?

A. RER लिपिड संग्रहित करता है।

B. SER केवल प्रोटीन संश्लेषण करता है।

C. RER में राइबोसोम होते हैं। ✓

D. SER में राइबोसोम प्रचुर मात्रा में होते हैं।

**Q3** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी संरचनात्मक विशेषता उपकला ऊतक को एक सुरक्षात्मक परत के रूप में कार्य करने की सुविधा देती है?

A. कोशिकाएं कम से कम अंतराकोशिक स्थान के साथ कसकर संकुलित होती हैं। ✓

B. कोशिकाएं विशेष रूप से डेस्मोसोम द्वारा जुड़ी होती हैं।

C. कोशिकाएं लंबी और बहुकेन्द्रकीय होती हैं।

D. कोशिकाएं प्रचुरता में बाह्य कोशिकीय आधात्री के साथ शिथिल रूप से व्यवस्थित होती हैं।

**Q4** General Science

ध्वनि उत्पन्न करने वाले कंपन को एक प्रकार की ____________ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

A. धीमी पार्श्वीय गति

B. तीव्र एकल दिशात्मक विस्थापन

C. किसी पिंड की तीव्र गम आगम गति ✓

D. तीव्र रैखिक अग्र गति

**Q5** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, हृदय से फेफड़ों तक रुधिर के परिवहन का सही वर्णन करता है?

A. ऑक्सीजनित रुधिर फेफड़ों से दाहिने अलिंद तक जाता है।

B. विऑक्सीजनित रुधिर दाहिने निलय से फेफड़ों तक पंप किया जाता है। ✓

C. विऑक्सीजनित रुधिर बाएं निलय से फेफड़ों तक पंप किया जाता है।

D. ऑक्सीजनित रुधिर शोधन के लिए बाएं निलय से फेफड़ों तक प्रवाहित होता है।

**Q6** General Science

90 W का इलेक्ट्रिक बल्ब 10 सेकंड में कितना कार्य करता है?

A. 90 J

B. 9 J

C. 900 J ✓

D. 9000 J

**Q7** General Science

एक विद्यार्थी ने देखा कि हाइड्रा अपने शरीर पर छोटे-छोटे बहि:सरण विकसित करके नए जीव बनाता है, जो अंततः अलग हो जाते हैं। यह किस प्रकार का प्रजनन है?

A. पुनर्जनन (Regeneration)

B. लैंगिक प्रजनन (Sexual reproduction)

C. मुकुलन (Budding) ✓

D. अनिषेकजनन (Parthenogenesis)

**Q8** General Science

शहद की गुणवत्ता और स्वाद मुख्यतः निम्नलिखित में से किस कारक पर निर्भर करता है?

A. मधुछत्र के प्रकार

B. छत्ते में कर्मी मधुमक्खियों की संख्या

C. पुष्पों के प्रकार और उपलब्धता ✓

D. मधुमक्खियों की आयु

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q9** General Science

अवतल दर्पण आभासी, सीधा और आवर्धित प्रतिबिंब बनाता है जब वस्तु ________ स्थित होती है।

A. वक्रता के केंद्र से दूर

B. फोकस और ध्रुव के बीच ✓

C. मुख्य फोकस पर

D. वक्रता केंद्र और फोकस के बीच

**Q10** General Science

कोई पिंड 1 घंटे में पूर्व दिशा की ओर 6 km और अगले 1 घंटे में पश्चिम दिशा की ओर 8 km की दूरी तय करता है। संपूर्ण यात्रा के दौरान पिंड का औसत वेग _______ है।

A. 1 km/h पूर्व

B. 0

C. 7 km/h पूर्व

D. 1 km/h पश्चिम ✓

**Q11** General Science

जब एक धातु ऑक्साइड एक अम्ल के साथ अभिक्रिया करता है, तो निम्नलिखित में से क्या उत्पादित होता है?

A. लवण और ऑक्सीजन गैस

B. लवण और हाइड्रोजन गैस

C. लवण और जल ✓

D. लवण और कार्बन डाइऑक्साइड

**Q12** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी, कंकाल पेशियों की एक विशिष्ट विशेषता है?

A. एकल, केंद्रीय केंद्रक

B. रेखित स्वरूप ✓

C. अनैच्छिक नियंत्रण

D. अरेखित स्वरूप

**Q13** General Science

यदि 2 C के आवेश को दो बिंदुओं के बीच स्थानांतरित करने में 12 J कार्य किया जाता है, तो इन बिंदुओं के बीच विभवांतर कितना होगा?

A. 10 V

B. 6 V ✓

C. 24 V

D. 14 V

**Q14** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पारिस्थितिकी तंत्र में अपघटकों की भूमिका का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

A. वे प्रत्यक्ष रूप से मांसाहारियों को भोजन प्रदान करते हैं।

B. वे अकार्बनिक पदार्थों को जटिल कार्बनिक यौगिकों में परिवर्तित करते हैं।

C. वे मृत जीवों को सरल पदार्थों में तोड़कर पोषक तत्वों का पुनर्चक्रण करते हैं। ✓

D. वे सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करके ऊर्जा से भरपूर यौगिकों का उत्पादन करते हैं।

**Q15** General Science

एकसमान त्वरण से गतिमान एक पिंड के लिए, औसत वेग ______ के बराबर होता है।

A. प्रारंभिक वेग

B. (प्रारंभिक वेग + अंतिम वेग)/2 ✓

C. शून्य

D. अंतिम वेग

**Q16** General Science

पौधों में कौन-सा ऊतक मुख्य रूप से संग्रहण और परिपक्व अंगों में मूल चयापचय कार्यों के लिए उत्तरदायी होता है?

A. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)

B. बाह्यत्वचा (Epidermis)

C. मृदूतक (Parenchyma) ✓

D. स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma)

**Q17** General Science

ध्वनि तरंग की प्रबलता और मृदुता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन **गलत** हैं?

(i) प्रबल ध्वनि का आयाम मृदु ध्वनि की तुलना में अधिक होता है।

(ii) प्रबल ध्वनि में मृदु ध्वनि की तुलना में कम ऊर्जा होती है।

(iii) ध्वनि तरंग की प्रबलता हमारे हृदय की उस ध्वनि के प्रति अनुक्रिया की माप है।

A. केवल (i)

B. केवल (2)

C. (i) और (iii) दोनों

D. (ii) और (iii) दोनों ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▸ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q18** General Science

लवक (Plastids), जो केवल पादप कोशिकाओं में पाए जाते हैं, ___________ में सहायता करते हैं।

A. श्वसन (respiration)

B. प्रकाश संश्लेषण और भंडारण (photosynthesis and storage) ✓

C. उत्सर्जन (excretion)

D. परिवहन (transport)

**Q19** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, वायु के साथ अभिक्रिया करने पर उभयधर्मी ऑक्साइड बनाती है?

A. सोडियम

B. ऐलुमिनियम ✓

C. कैल्सियम

D. पोटैशियम

**Q20** General Science

तत्वों के नामों और प्रतीकों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?

A. सिल्वर – S

B. मर्करी – Me

C. टिन – Sn ✓

D. लेड – Ld

**Q21** General Science

जब अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट को जल निकायों में फेंका जाता है, तो निम्नलिखित में से क्या हो सकता है?

A. यह जल को स्वच्छ करता है।

B. यह जल को प्रदूषित करता है और जलीय जीवन को हानि हुंचाता है। ✓

C. यह जलीय पादपों को बढ़ने में सहायता करता है।

D. यह जल में शीघ्रता से घुल जाता है।

**Q22** General Science

चुंबकीय क्षेत्र में किसी चालक पर लगने वाले बल का परिमाण तब बढ़ता है जब _______।

A. धारा बढ़ती है ✓

B. चुंबकीय क्षेत्र घटता है

C. धारा घटती है

D. लंबाई घटती है

**Q23** General Science

चंद्रमा पर किसी वस्तु का भार 3 N है। पृथ्वी पर उस वस्तु का भार कितना होगा?

A. 18 N ✓

B. 0.5 N

C. 3 N

D. 2 N

**Q24** General Science

कौन-सा कारक मुख्य रूप से मधुमक्खी पालन में उत्पादित शहद की गुणवत्ता और मात्रा को प्रभावित करता है?

A. केवल उपयोग किए जाने वाले मधुमक्खी छत्ताधानी का आकार

B. फूलों के प्रकार और मकरंद संग्रहण हेतु उनकी बहुलता ✓

C. मधुमक्खियों का रंग

D. केवल मधुमक्खी छत्ताधानी के अंदर का तापमान

**Q25** General Science

मनुष्यों के लिए श्रव्य आवृत्ति परास कितनी है?

A. 20 kHz से 200 kHz

B. 200 Hz से 200,000 Hz

C. 20 Hz से 20,000 Hz ✓

D. 2 Hz से 200 Hz

**Q26** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन धातुओं की सक्रियता श्रेणी में सोडियम (Na) की स्थिति का सही ढंग से वर्णन करता है?

A. सोडियम, हाइड्रोजन से अधिक अभिक्रियाशील है और इसे अम्ल से विस्थापित करता है। ✓

B. सोडियम, हाइड्रोजन से कम अभिक्रियाशील है, इसलिए इसे हाइड्रोजन के नीचे रखा गया है।

C. सोडियम, तांबे से कम अभिक्रियाशील है और इसे लवण विलयन से विस्थापित नहीं कर सकता है।

D. सोडियम, जल के साथ अभिक्रिया नहीं करता है, इसलिए इसे श्रेणी में सबसे नीचे रखा गया है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q27** General Science

एथेनॉइक अम्ल, सोडियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पाद बनाता है?

A. सोडियम ऐसीटेट, कार्बन डाइऑक्साइड और जल ✓

B. सोडियम ऐसीटेट, हाइड्रोजन और जल

C. सोडियम हाइड्रॉक्साइड और CO2

D. सोडियम ऐसीटेट और कार्बन मोनोऑक्साइड

**Q28** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक, स्थिर अनुपात के नियम का पालन करता है?

A. पीतल

B. वायु

C. मृदा

D. जल ✓

**Q29** General Science

किसी डिवाइस में 75 Ω का प्रतिरोध है और 4 A की धारा वहन करता है। क्षयित (dissipated) शक्ति _______ है।

A. 1400 W

B. 300 W

C. 18.75 W

D. 1200 W ✓

**Q30** General Science

एक पिंड 5 s में बिंदु A से B तक 10 m की सरल रेखीय दूरी तय करता है और फिर उसी सरल रेखीय पथ के साथ वापस बिंदु B से बिंदु A तक की दूरी को 5 s में तय करता है। पिंड की औसत चाल कितनी होगी?

A. 2 m/s ✓

B. 5 m/s

C. 200 m/s

D. 0.5 m/s

**Q31** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, सभी कार्बनिक यौगिकों का एक विशिष्ट अभिलक्षण है?

A. इनमें सदैव नाइट्रोजन होता है

B. इनमें सदैव कार्बन होता है ✓

C. इनमें सदैव आयनिक आबंध बनते हैं

D. इनमें सदैव ऑक्सीजन होती है

**Q32** General Science

रासायनिक समीकरण $xPb(NO_3)_2(s) \rightarrow yPbO(s) + zNO_2(g) + wO_2(g)$ में, x, y, z और w के मान क्या हैं?

A. x = 1 ; y = 2 ; z = 3 ; w = 2

B. x = 2 ; y = 2 ; z = 4 ; w = 1 ✓

C. x = 2 ; y = 1 ; z = 4 ; w = 2

D. x = 2 ; y = 4 ; z = 2 ; w = 1

**Q33** General Science

निम्नलिखित तीन कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए:

कथन 1: सूत्र इकाई द्रव्यमान केवल आयनिक यौगिकों पर अनुप्रयुक्त होता है, सहसंयोजक यौगिकों पर नहीं होता है।
कथन II: सूत्र इकाई द्रव्यमान किसी आयनिक यौगिक के आनुभविक सूत्र (empirical formula) में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योग होता है।
कथन III: सोडियम क्लोराइड (NaCl) का सूत्र इकाई द्रव्यमान 58.5 u है।

A. केवल II और III सही हैं।

B. केवल I और III सही हैं।

C. सभी I, II और III सही हैं। ✓

D. केवल I और II सही हैं।

**Q34** General Science

मानवों में लैंगिक परिपक्वता (Sexual maturation) के परिणामस्वरूप _______।

A. हार्मोन के स्तर में कमी और जनन अंगों की हानि होती है

B. जनन अंगों और द्वितीयक लैंगिक लक्षणों का विकास होता है ✓

C. केवल शारीरिक वृद्धि होती है

D. वृद्धि होती है और जनन क्षमता की हानि होती है

**Q35** General Science

विलयन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. विलयन एक समांगी मिश्रण होता है जिसमें विलेय के कण नग्न आंखों से दिखाई नहीं देते। ✓

B. विलयन दो या दो से अधिक पदार्थों का एक विषमांगी मिश्रण होता है।

C. विलयन में विलेय की मात्रा विलायक से सदैव अधिक होती है।

D. विलयन में विलेय स्थिर रहने पर नीचे बैठ जाता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q36** General Science

थॉमसन के मॉडल को प्रायः 'प्लम पुडिंग मॉडल (plum pudding model)' कहा जाता है। इस एनालॉगी में, 'प्लम (plum)' किसे निरूपित करता है?

A. न्यूट्रॉन

B. इलेक्ट्रॉन ✓

C. अल्फा कण

D. प्रोटॉन

**Q37** General Science

पृथ्वी के चारों ओर चंद्रमा की गति के लिए एक अभिकेंद्री बल की आवश्यकता होती है, जो __________ द्वारा प्रदान किया जाता है।

A. चंद्रमा के आंतरिक बल

B. चंद्रमा के जड़त्व

C. सूर्य के प्रणोद

D. पृथ्वी के आकर्षण बल ✓

**Q38** General Science

दो द्रव्यमानों के बीच गुरुत्वाकर्षण बल कब बढ़ता है?

A. जब उनके बीच की दूरी बढ़ती है

B. जब उनके द्रव्यमान घटते हैं

C. जब उन्हें जल में रखा जाता है

D. जब उनके द्रव्यमानों का गुणनफल बढ़ता है ✓

**Q39** General Science

कुछ पौधों में, पत्तियों के आधार पर या नोड्स के पास एक विभज्योतक ऊतक पाया जाता है, जो परिपक्व ऊतक के क्षेत्रों को पृथक करता है। यह कौन-सा ऊतक है?

A. शीर्षस्थ विभज्या (Apical meristem)

B. अंतर्विष्ट विभज्या (Intercalary meristem) ✓

C. विभेदित ऊतक (Differentiated tissue)

D. पार्श्व विभज्या (Lateral meristem)

**Q40** General Science

एक तत्व X के दो समस्थानिक : ${}_6X^{12}$ और ${}_6X^{14}$ हैं। दोनों विद्युत रूप से उदासीन और रासायनिक रूप से समरूप हैं, लेकिन उनमें से एक अस्थायी और रेडियोसक्रिय है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से व्याख्या करता है कि ${}_6X^{14}$ रेडियोसक्रिय क्यों है, जबकि दोनों समस्थानिकों में प्रोटॉनों और इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान है?

A. क्योंकि ${}_6X^{14}$ में प्रोटॉन की तुलना में इलेक्ट्रॉन अधिक हैं, जिससे इलेक्ट्रॉन वितरण में अस्थिरता उत्पन्न होती है।

B. क्योंकि ${}_6X^{14}$ का नाभिक छोटा होता है जो न्यूट्रॉन को दृढ़ता से बांधे (hold) नहीं रख सकता है, जिसके परिणामस्वरूप स्वतः क्षय होता है।

C. क्योंकि 6 X14 में आधिक्य न्यूट्रॉन होते हैं, जिससे परमाणु बलों में असंतुलन होता है। ✓

D. क्योंकि ${}_6X^{14}$ में प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संख्या बराबर होती है, जो इसे ऊर्जीय रूप से अस्थिर बनाती है।

## Mathematics

25 Questions • Answer Key

**Q41** Mathematics

A और B किसी कार्य को क्रमशः 12 दिन और 6 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ मिलकर कार्य शुरू किया, लेकिन 2 दिन बाद B को कार्य छोड़ना पड़ा तथा A ने अकेले शेष कार्य पूरा किया। संपूर्ण कार्य कितने दिनों में पूरा हुआ?

A. 10

B. 6 ✓

C. 9

D. 8

**Q42** Mathematics

यदि 8 : 12 = 20 : x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 34

B. 30 ✓

C. 28

D. 32

**Q43** Mathematics

$(x + 9)(x - 6)(x + 5)$ के प्रसार में, x का गुणांक कितना है?

A. 30

B. 33

C. −39 ✓

D. −35

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q44** Mathematics

रमेश अपने खाते में ₹24,000 जमा करता है, जिस पर 12% वार्षिक दर (त्रैमासिक रूप से संयोजित) से ब्याज प्राप्त होता है। छह महीने बाद उसके खाते में कुल राशि की गणना कीजिए।

A. ₹25,431

B. ₹25,937

C. ₹25,678.60

D. ₹25,461.60 ✓

**Q45** Mathematics

120 पूर्णांक वाली किसी परीक्षा में, B को 50 अंक प्राप्त हुए जबकि A को 80 अंक प्राप्त हुए। A के अंकों का कितना प्रतिशत B के अंक थे?

A. 160%

B. 120%

C. 66.67%

D. 62.5% ✓

**Q46** Mathematics

कीर्ति ₹35,000 की पूंजी से एक व्यवसाय शुरू करती है और 3 महीने बाद वैष्णवी उसकी साझेदार के रूप में व्यवसाय के साथ जुड़ जाती है। एक वर्ष बाद, लाभ को 7 : 6 के अनुपात में विभाजित किया जाता है। पूंजी में वैष्णवी का योगदान कितना है?

A. ₹38,240

B. ₹41,020

C. ₹40,000 ✓

D. ₹39,255

**Q47** Mathematics

किसी विद्यार्थी ने परीक्षा में पूर्णांक के 91% प्राप्त किए और 187 अंकों से उत्तीर्ण हुआ। लेकिन जब उसने उसी परीक्षा में पूर्णांक के 36% प्राप्त किए, तो वह 60.5 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। परीक्षा के पूर्णांक ज्ञात कीजिए।

A. 450 ✓

B. 425

C. 400

D. 465

**Q48** Mathematics

आयुषी और निधि की वर्तमान आयु में अंतर 14 वर्ष है। आज से पाँच वर्ष पहले, उनकी आयु का योग 60 वर्ष था। यदि आयुषी, निधि से बड़ी है, तो निधि की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 27

B. 23

C. 31

D. 28 ✓

**Q49** Mathematics

वह कितनी धनराशि (₹ में) है जिस पर 2 वर्षों में 10% वार्षिक की दर से साधारण ब्याज के रूप में ₹720 प्राप्त होगा?

A. 3100

B. 3800

C. 3600 ✓

D. 4000

**Q50** Mathematics

एक ग्राहक ₹50,000 के अंकित मूल्य वाला लैपटॉप खरीदता है। स्टोर, लैपटॉप पर 10% की छूट देता है। इसके अलावा, एक फेस्टिव ऑफर के अंतर्गत पहले से ही छूट प्राप्त मूल्य पर अतिरिक्त 12% की छूट दी जाती है। यदि ग्राहक क्रेडिट कार्ड से भुगतान करता है और उसे अंतिम मूल्य पर 5% का अतिरिक्त कैशबैक प्राप्त होता है, तो ग्राहक द्वारा प्रभावी रूप से भुगतान की गई राशि कितनी होगी?

A. ₹37,560

B. ₹37,430

C. ₹37,490

D. ₹37,620 ✓

**Q51** Mathematics

$\sec^2(60°)$ -1 का मान कितना है?

A. 2

B. 3 ✓

C. 1

D. 0

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q52** Mathematics

किसी आकड़ों का माध्य 19 है और उनकी माध्यिका 51 है। आकड़ों का बहुलक (आनुभविक संबंध का उपयोग करते हुए) ज्ञात कीजिए।

A. 30

B. 173

C. 115 ✓

D. 130

**Q53** Mathematics

लता और स्मिता की वर्तमान आयु का अंतर 84 वर्ष है। आज से पाँच वर्ष पहले, उनकी आयु का योग 92 वर्ष था। यदि लता, स्मिता से बड़ी है, तो स्मिता की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 12

B. 19

C. 9 ✓

D. 2

**Q54** Mathematics

निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक क्या है?
52, 44, 47, 50, 45, 40, 43, 53, 53, 45, 52, 50, 52, 52, 44, 47, 54, 50

A. 52 ✓

B. 44

C. 50

D. 47

**Q55** Mathematics

यदि संख्या 62A4, 4 से विभाज्य है, तो A का न्यूनतम संभावित मान क्या हो सकता है?

A. 4

B. 0 ✓

C. 2

D. 6

**Q56** Mathematics

एक बिक्री के दौरान, 40% वस्तुओं को 17% के लाभ पर बेचा जाता है; शेष वस्तुओं के 25% भाग को 22% के लाभ पर बेचा जाता है; और इसके बाद शेष वस्तुओं को 10% की हानि पर बेचा जाता है। मान लीजिए कि सभी वस्तुओं का क्रय मूल्य समान है, तो समग्र लाभ प्रतिशत कितना है?

A. 5.6% ✓

B. 6.8%

C. 6.2%

D. 5.8%

**Q57** Mathematics

एक ट्रेन 72 km/h की चाल से चलते हुए, उसी दिशा में 36 km/h की चाल से चल रही 180 m लंबी एक अन्य ट्रेन को 27 सेकंड में पार कर लेती है। तेज़ चाल से चलने वाली ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिए।

A. 100 m

B. 80 m

C. 110 m

D. 90 m ✓

**Q58** Mathematics

दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) 7 और लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 84 है। यदि एक संख्या 21 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 35

B. 28 ✓

C. 42

D. 24

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q59** Mathematics

किसी बेलनाकार टंकी की धारिता 55440 $cm^3$ है। यदि इसके आधार की त्रिज्या 14 cm है, तो टंकी का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

A. 9252 cm2

B. 9352 cm2

C. 9152 cm2 ✓

D. 9052 cm2

**Q60** Mathematics

त्रिभुज PQR में, $\angle P$ का कोण समद्विभाजक, QR को A पर काटता है। यदि PQ, QA और AR की लंबाई क्रमशः 12 cm, 4.2 cm और 3.8 cm है, तो PR की लंबाई ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दशमलव के बाद एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

A. 11.4 cm

B. 8.2 cm

C. 10.9 cm ✓

D. 7.8 cm

**Q61** Mathematics

निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$[(18 \div 9 \times 3) \text{ of } \{((18 \div (6 \times 2)) \div 3) + (16 \div (5 + 3 - 6))\}]$$

A. 17

B. 51 ✓

C. 68

D. 34

**Q62** Mathematics

$$2\frac{1}{2} + 1\frac{3}{4} - 1\frac{1}{4}$$

A. $2\frac{1}{2}$

B. $2\frac{3}{4}$

C. $3\frac{1}{4}$

D. $3$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q63** Mathematics

पाइप A एक टंकी को 10 घंटे में भर सकता है; पाइप B उसे 12 घंटे में भर सकता है, और पाइप C उसे 15 घंटे में खाली कर सकता है। तीनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं, लेकिन 4 घंटे बाद पाइप C को बंद कर दिया जाता है। टंकी को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

A. $6\frac{5}{11}$

B. $5\frac{5}{11}$

C. $5\frac{10}{11}$

D. $6\frac{10}{11}$ ✔

**Q64** Mathematics

किसी वर्ग का क्षेत्रफल 225 $cm^2$ है। इसका परिमाप किसी समषट्भुज के परिमाप के बराबर है। षट्भुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

A. 128

B. 184

C. $150\sqrt{3}$ ✔

D. $136\sqrt{3}$

**Q65** Mathematics

b

A. $\frac{3}{2}$

B. $\frac{1}{2}$ ✔

C. $\frac{1}{4}$

D. $\frac{3}{4}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q66** General Intelligence & Reasoning

रमन बिंदु Y से चलना शुरू करता है और दक्षिण दिशा में 15 km चलता है। फिर वह बाएं ओर मुड़कर 21 km चलता है, फिर बाएं ओर मुड़कर 69 km चलता है। इसके बाद वह बाएं ओर मुड़कर 42 km चलता है। फिर बाएं ओर मुड़कर 54 km चलता है, दाएं ओर मुड़कर 26 km चलता है और बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

A. पूर्व की ओर 49 km
B. पूर्व की ओर 47 km ✓
C. पश्चिम की ओर 45 km
D. पश्चिम की ओर 51 km

**Q67** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'Q @ W + R # G ÷ H' है, तो Q का H से क्या संबंध है?

A. बहन ✓
B. माता
C. पत्नी
D. पुत्री

**Q68** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

PIO VOU BUA HAG ?

A. GNM
B. HMN
C. NGM ✓
D. NMG

**Q69** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित तर्क के अनुसार, LN 17 का संबंध HJ 23 से है। उसी तर्क के अनुसार, SU 5 का संबंध OQ 11 से है। समान तर्क के अनुसार NP 9 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

A. JL 15 ✓
B. KM 13
C. KL 15
D. JL 13

**Q70** General Intelligence & Reasoning

यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

536 + 67 × 9 − 22 ÷ 283 = ?

A. 97
B. 106
C. 93 ✓
D. 102

**Q71** General Intelligence & Reasoning

B, C, D, E, G, H और I एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के बाईं ओर से गिनती करने पर C और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, I के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, I के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। H, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. H
B. G
C. B ✓
D. D

**Q72** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'FISH' को '2815' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SHIP' को '1352' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'P' के लिए कूट क्या है?

A. 1
B. 3 ✓
C. 5
D. 8

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

**Q73** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) T J R M G K S M O X Z W Z D T B L N Z O L (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद में एक व्यंजन है?

A. एक

B. दो

C. तीन

D. एक भी नहीं ✓

**Q74** General Intelligence & Reasoning

उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 14, 6)
(9, 22, 14)

A. (6, 8, 16)

B. (7, 18, 10) ✓

C. (8, 23, 15)

D. (10, 16, 8)

**Q75** General Intelligence & Reasoning

KV 14 का संबंध एक निश्चित तरीके से MT 34 से है। उसी प्रकार, GR 27 का संबंध IP 47 से है। समान तर्क के अनुसरण करते हुए, CN 35 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

A. EL 55 ✓

B. EM 45

C. DL 65

D. DM 55

**Q76** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. NHY ✓

B. LNI

C. GID

D. OQL

**Q77** General Intelligence & Reasoning

LEMONY शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से तीसरा होगा?

A. O ✓

B. N

C. P

D. M

**Q78** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. TW - RU

B. IK - FH ✓

C. JM - HK

D. PS - NQ

**Q79** General Intelligence & Reasoning

सात व्यक्ति, C, D, E, F, J, K और L, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F, K के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. E

B. L

C. C ✓

D. J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q80** General Intelligence & Reasoning

KLATSCH शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार प्राप्त सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से चौथा होगा?

- A. L ✓
- B. D
- C. I
- D. M

**Q81** General Intelligence & Reasoning

सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। E के ऊपर केवल पाँच बक्से रखे हैं। F और E के बीच केवल दो बक्से रखे हैं। C, A के ठीक ऊपर रखा है। G, D के नीचे लेकिन F के ऊपर रखा है। B और A के बीच कितने बक्से रखे हैं?

- A. तीन
- B. दो
- C. एक ✓
- D. चार

**Q82** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर FGJL एक निश्चित तर्क के अनुसार JKNP से संबंधित है। PQTV उसी तर्क के अनुसार TUXZ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए NORT दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

- A. STWY
- B. RSVX ✓
- C. RSVP
- D. RSWY

**Q83** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'PART' को '7642' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'TWIN' को '1356' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'T' का कूट क्या है?

- A. 3
- B. 6 ✓
- C. 2
- D. 1

**Q84** General Intelligence & Reasoning

उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(2, 10, 38)
(4, 12, 46)

- A. (6, 18, 70)
- B. (3, 15, 58)
- C. (5, 13, 54)
- D. (7, 15 , 58) ✓

**Q85** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'M + K ÷ L – P x R' हो, तो M का R से क्या संबंध है?

- A. पत्नी के पिता की बहन ✓
- B. माता
- C. पत्नी के पिता की माता
- D. बहन

**Q86** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) R Y V O B I E A U K E H G B V T G R C S T (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और उसके ठीक बाद एक स्वर भी आता है?

- A. एक ✓
- B. दो
- C. एक भी नहीं
- D. तीन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q87** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'A + B # H @ K ÷ T' हो, तो A का T से क्या संबंध है?

A. पत्नी की बहन
B. पत्नी के पिता की माता
C. पत्नी के पिता की बहन ✓
D. पत्नी की माता

**Q88** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. FHG ✓
B. IMK
C. LPN
D. RVT

**Q89** General Intelligence & Reasoning

सात बॉक्स, G, H, I, J, O, K और L एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल I को O के ऊपर रखा गया है। O और K के बीच केवल G को रखा गया है। केवल J को L के नीचे रखा गया है। H और J के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

A. एक ✓
B. तीन
C. चार
D. दो

**Q90** General Intelligence & Reasoning

यदि 'I' का अर्थ '+' है, 'J' का अर्थ '×' है, 'K' का अर्थ '÷' है और 'L' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

45 L 21 K 7 J 6 I 33 J 9 L 15 I 69 K 3 L 29 = ?

A. 369
B. 303 ✓
C. 392
D. 343

## General Awareness

10 Questions • Answer Key

**Q91** General Awareness

1822 में अंग्रेजों के खिलाफ किस आदिवासी नेता ने रामोसी विद्रोह का नेतृत्व किया था?

A. चित्तूर सिंह ✓
B. बख्शी जगबंधु
C. कित्तूर चेन्नम्मा
D. वीर सुरेंद्र साई

**Q92** General Awareness

निम्नलिखित में से किस शहर में मानसून की वापसी सबसे अंत में होती है?

A. जयपुर
B. अहमदाबाद
C. मुंबई
D. चेन्नई ✓

**Q93** General Awareness

आयकर अधिनियम में किए गए संशोधनों की समीक्षा के लिए 22वां अखिल भारतीय TDS सम्मेलन किस राज्य में आयोजित किया गया था?

A. महाराष्ट्र
B. राजस्थान
C. गुजरात
D. मध्य प्रदेश ✓

**Q94** General Awareness

30वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप – राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी फाइनल मैच कहाँ खेला गया था?

A. रायपुर
B. रायगढ़
C. नारायणपुर ✓
D. बिलासपुर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q95** General Awareness

2025 में भारत में अभियन्ता दिवस (Engineers' Day) किस तिथि को मनाया गया था?

A. 15 सितंबर ✓

B. 16 सितंबर

C. 14 सितंबर

D. 13 सितंबर

**Q96** General Awareness

नागरिकता अधिनियम, 1955 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के वैध तरीकों में से एक **नहीं** है?

A. जन्म द्वारा

B. रजिस्ट्रीकरण द्वारा

C. विवाह द्वारा ✓

D. अवजनन द्वारा

**Q97** General Awareness

भारतीय उपमहाद्वीप में पहली रेलवे लाइन 1853 में किन दो स्थानों के बीच शुरू की गई थी।

A. पटना और गया

B. सूरत और भरूच

C. जयपुर और अजमेर

D. बॉम्बे और ठाणे ✓

**Q98** General Awareness

निम्नलिखित में से किस एजेंसी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV) के निर्माण और संचालन के लिए ₹511 करोड़ का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (ToT) समझौता प्राप्त किया है?

A. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (Hindustan Aeronautics Limited) ✓

B. लार्सन एंड टुब्रो (Larsen & Toubro)

C. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (Bharat Dynamics Limited)

D. अडानी डिफेंस (Adani Defence)

**Q99** General Awareness

उस्ताद बिस्मिल्लाह खान ने निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय संगीत वाद्ययंत्र को सर्वाधिक लोकप्रिय बनाया?

A. शहनाई ✓

B. वीणा

C. तबला

D. सितार

**Q100** General Awareness

भारत के सर्वोच्च न्यायालय का 1973 का निम्नलिखित में से कौन-सा ऐतिहासिक निर्णय यह प्रावधान करता है कि संसद संविधान के 'मूल ढांचे' में संशोधन के माध्यम से बदलाव नहीं कर सकती है?

A. मिनर्वा मिल्स केस

B. गोलकनाथ केस

C. केशवानंद भारती केस ✓

D. चंपकम दोरायराजन केस

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

कार्बन के दहन से कार्बन डाइऑक्साइड का निर्माण होना _______ का एक उदाहरण है।

- **A.** ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया ✓
- **B.** प्रकाशरासायनिक अभिक्रिया
- **C.** ऊष्माशोषी अभिक्रिया
- **D.** उत्क्रमणीय अभिक्रिया

**Q2** General Science

किसी पराश्रव्य तरंग की आवृत्ति 33 kHz है। यदि इसकी तरंगदैर्घ्य 0.01 m है, तो इस तरंग की चाल कितनी होगी?

- **A.** 0.33 m/s
- **B.** 330 m/s ✓
- **C.** 33 m/s
- **D.** 3.3 m/s

**Q3** General Science

संयोजी ऊतक का कौन-सा गुण उसे शरीर के विभिन्न अंगों को बांधे रखने और सहारा देने में सक्षम बनाता है?

- **A.** संकुंचनशील प्रोटीन की उपस्थिति
- **B.** तंत्रिका अंतों की उपस्थिति
- **C.** कोशिकाबाह्य आधात्री की उपस्थिति ✓
- **D.** पक्ष्माभ की उपस्थिति

**Q4** General Science

साबुन के विलयन में मिसेल का निर्माण निम्नलिखित में से किन कारणों से होता है?

- **A.** केवल परिक्षेपण बल
- **B.** आयनों के बीच स्थिरवैद्युत् आकर्षण
- **C.** जल अणुओं के साथ हाइड्रोजन आबंधन
- **D.** जल में जलविरागी और जलरागी अन्योन्यक्रिया ✓

**Q5** General Science

एक ट्रेन विरामावस्था से चलना शुरू करती है तथा 10 मिनट में 216 km/h की चाल तक पहुँच जाती है। यदि इसका त्वरण एकसमान है, तो त्वरण का मान ज्ञात कीजिए।

- **A.** 0.1 m/s2 ✓
- **B.** 0.6 m/s2
- **C.** 1.0 m/s2
- **D.** 0.4 m/s2

**Q6** General Science

एक अवतल लेंस की फोकस दूरी 15 cm है। यदि यह लेंस से 10 cm की दूरी पर प्रतिबिंब बनाता है, तो वस्तु लेंस से कितनी दूरी पर रखी है?

- **A.** -30 cm ✓
- **B.** +30 cm
- **C.** -25 cm
- **D.** +6 cm

**Q7** General Science

यदि किसी पारिस्थितिकी तंत्र से अपघटकों को हटा दिया जाए, तो इसका सबसे तात्कालिक परिणाम क्या होगा?

- **A.** शाकाहारियों की संख्या में तीव्र वृद्धि
- **B.** मृत कार्बनिक पदार्थों की अधिकता के कारण पादप वृद्धि बढ़ना
- **C.** अपशिष्ट और मृत पदार्थों का संचय, पोषक तत्वों के चक्रण को बाधित करना ✓
- **D.** उत्पादकों तक पहुंचने वाले सूर्य के प्रकाश में कमी

**Q8** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, कैल्शियम फॉस्फेट यौगिक का सही सूत्र है?

- **A.** CaPO4
- **B.** Ca3(PO4)2 ✓
- **C.** Ca2(PO4)3
- **D.** Ca4(PO4)3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q9** General Science

यदि पृथ्वी की सतह पर द्रव्यमान 'm' वाले पिंड पर लगने वाला गुरुत्वाकर्षण बल 'X' N है। यदि पिंड का द्रव्यमान तीन गुना हो जाता है, तो पिंड पर लगने वाले गुरुत्वाकर्षण बल का मान क्या होगा?

A. X N

B. 3X N ✓

C. X/3 N

D. X/9 N

**Q10** General Science

दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A): एक महिला में सामान्य अंडोत्सर्ग और निषेचन होता है, लेकिन रोपण विफल होने के कारण युग्मनज, गर्भाशय भित्ति से जुड़े बिना ही निष्कासित हो जाता है।
(R): रोपण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोरकपुटी (blastocyst), सगर्भता स्थापित करने के लिए गर्भाशय अंतःस्तर (endometrium) में अंतःस्थापित हो जाता है।

A. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है। ✓

B. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

**Q11** General Science

राइजोपस में छड़ी जैसी संरचनाओं पर मौजूद छोटे-छोटे धब्बों को क्या कहा जाता है?

A. बीजाणुधानी (Sporangia) ✓

B. जड़ें (Roots)

C. हाइफी (Hyphae)

D. बीजाणु (Spores)

**Q12** General Science

अपने सिर पर भारी लोड लेकर स्थिर खड़े रहने पर, आप ऊर्जा व्यय करते हैं और थक जाते हैं। लोड पर किया गया कार्य शून्य क्यों होता है?

A. बल प्रयुक्त नहीं किया जा रहा है।

B. व्यतीत काल अप्रासंगिक है।

C. प्रयुक्त बल ऊर्ध्वाधर है।

D. लोड का कोई विस्थापन नहीं हुआ है। ✓

**Q13** General Science

प्राकृतिक अम्ल-क्षारक सूचकों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. हल्दी क्षारकीय विलयन में लाल हो जाती है। ✓

B. लाल लिटमस अम्लों में नीला हो जाता है।

C. गुड़हल (हिबिस्कस) का अर्क, क्षारकों में हरा हो जाता है।

D. मेथिल ओरेन्ज हल्दी से निकाला गया एक प्राकृतिक सूचक है।

**Q14** General Science

यदि वेग-समय ग्राफ एक क्षैतिज सरल रेखा को दर्शाता है, तो वस्तु ________ के साथ गतिमान है।

A. अचर वेग ✓

B. शून्य विस्थापन

C. बिना किसी वेग

D. असमान त्वरण

**Q15** General Science

यदि एक वेग-समय ग्राफ में, ग्राफ 5 सेकंड के लिए 10 m/s पर एक सरल क्षैतिज रेखा है, तो तय की गई दूरी ____________ होगी।

A. 5 m

B. 2 m

C. 50 m ✓

D. 10 m

**Q16** General Science

फ्लोएम का कौन-सा घटक पौधों में खाद्य के परिवहन के लिए उत्तरदायी है?

A. फ्लोएम पैरेन्काइमा

B. फ्लोएम तंतु

C. सहकोशिका

D. चालनी नलिका ✓

**Q17** General Science

प्रतिध्वनि 6 सेकंड में सुनाई देती है। यदि स्रोत से परावर्ती पृष्ठ की दूरी 990 m है, तो ध्वनि की चाल कितनी होगी?

A. 1320 m/s

B. 330 m/s ✓

C. 660 m/s

D. 165 m/s

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q18** General Science

फसलों में संतुलित पोषक-तत्व प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. मृदा उर्वरता और फसल की पैदावार को इष्टतम करना ✓

B. जल की आवश्यकता को समाप्त करना

C. पीड़कनाशी के उपयोग को अधिकतम करना

D. खरपतवारों की वृद्धि को बढ़ावा देना

**Q19** General Science

उत्तल लेंस के लिए वस्तु की दूरी (u), प्रतिबिंब की दूरी (v) और फोकस दूरी (f) के बीच सही संबंध क्या है?

A. (1/v) - (1/u) = 1/f ✓

B. v + u = f

C. (1/v) x (1/ u) = 1/f

D. v - u = f

**Q20** General Science

यदि उत्पादकों की संख्या में वृद्धि हो तथा शाकाहारियों की संख्या में कमी हो, तो खाद्य श्रृंखला में अकास्मिक रूप से क्या परिवर्तन होने की संभावना है?

A. अपघटकों की समष्टि में अचानक गिरावट आएगी।

B. खाद्य कमी के कारण मांसाहारी समष्टि में कमी आएगी। ✓

C. अतिचारण के कारण उत्पादकों की संख्या में कमी आएगी।

D. मांसाहारी समष्टि में वृद्धि होगी।

**Q21** General Science

नाइट्रोजन ($N_2$) के एक अणु के इकाई द्रव्यमान और ऑक्सीजन ($O_2$) के एक अणु के इकाई द्रव्यमान का अनुपात लगभग कितना है?

A. 28 : 16

B. 14 : 32

C. 7 : 8 ✓

D. 8 : 7

**Q22** General Science

श्वसन तंत्र में स्तंभकार उपकला में पक्ष्माभ पाए जाते हैं। इन पक्ष्माभ का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. केवल क्षेत्र को यांत्रिक सहायता प्रदान करना

B. केवल अवशोषण के लिए पृष्ठीय क्षेत्र को बढ़ाना

C. उपकला पृष्ठ पर पदार्थों का स्राव करना

D. श्लेष्मा को आगे धकेलकर उसे साफ करना ✓

**Q23** General Science

ध्वनि की चाल प्राथमिक रूप से माध्यम की प्रकृति और ___________ पर निर्भर करती है।

A. दाब

B. आयतन

C. तापमान ✓

D. आयाम

**Q24** General Science

रक्तदाब को दो मानों के रूप में दर्ज किया जाता है: _________ दाब, जो हृदय के संकुचन के समय मापा जाता है, तथा ___________ दाब, जो हृदय के शिथिल होने के समय मापा जाता है।

A. प्रकुंचन; अनुशिथिलन (Systolic; Diastolic) ✓

B. अनुशिथिलन; प्रकुंचन (Diastolic; Systolic)

C. अधिकतम; प्रकुंचन (Maximum; Systolic)

D. अनुशिथिलन; शिरा (Diastolic; Venous)

**Q25** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, ठोस सोल (solid sol) का उदाहरण है?

A. जेली

B. रंगीन रत्न ✓

C. धुआँ

D. पनीर

**Q26** General Science

पादपों में विभज्योतकी ऊतक (Meristematic tissue) की मुख्य विशेषताएँ क्या है?

A. मोटी भित्तियों के साथ परिपक्व कोशिकाएं

B. दीर्घ, अत्यधिक धानीयुक्त कोशिकाएं

C. पतली भित्तियों के साथ लघु, सक्रिय रूप से विभाजित होने वाली कोशिकाएं ✓

D. स्थायी भंडारण कोशिकाएं

**Q27** General Science

कौन-सी संरचना, पादप कोशिकाओं में पाई जाती है लेकिन जंतु कोशिकाओं में अनुपस्थित होती है?

A. कोशिका द्रव्य

B. अंतर्द्रव्यी जालिका

C. कोशिका भित्ति ✓

D. माइटोकॉन्ड्रिया

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q28** General Science

अयस्कों से धातुओं के निष्कर्षण के दौरान, गैंग को हटाना एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक चरण है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसकी सबसे सटीक रूप से व्याख्या करता है कि विभिन्न अयस्कों के लिए विभिन्न सांद्रण विधियों (जैसे द्रवीय धावन (hydraulic washing), फेन प्लवन (froth flotation) और चुंबकीय पृथकन) का उपयोग क्यों किया जाता है?

A. क्योंकि सभी अयस्कों के भौतिक गुणधर्म समान होते हैं, लेकिन रासायनिक संघटन भिन्न होता है।

B. क्योंकि प्रत्येक विधि अयस्क और गैंग के बीच भौतिक और रासायनिक गुणधर्मों में विशिष्ट अंतरों का उपयोग करती है। ✓

C. क्योंकि गैंग के कण रासायनिक रूप से अभिक्रियाशील होते हैं और निष्कर्षण से पहले उन्हें ऑक्सीकरण द्वारा हटाना आवश्यक है।

D. क्योंकि सांद्रण विधि का चयन अयस्क और गैंग के गलनांक पर निर्भर करता है।

**Q29** General Science

एक कुली 10 kg का सामान जमीन से उठाकर 2.5 m की ऊंचाई पर अपने सिर पर रखता है। कुली द्वारा सामान पर किया गया कार्य ज्ञात कीजिए। (g = 10 $m/s^2$ का उपयोग कीजिए)

A. 250 J ✓

B. 25 J

C. 500 J

D. 100 J

**Q30** General Science

संतृप्त हाइड्रोकार्बन के जलने से किस प्रकार की ज्वाला उत्पन्न होगी?

A. पीली ज्वाला (Yellow flame)

B. स्वच्छ ज्वाला (Clean flame) ✓

C. कज्जली ज्वाला (Sooty flame)

D. हरी ज्वाला (Green flame)

**Q31** General Science

कार्बन की सर्वतोमुखी प्रकृति निम्नलिखित में से किस प्रकार के यौगिकों के निर्माण के लिए उत्तरदायी है?

A. अकार्बनिक यौगिक

B. आयनिक यौगिक

C. धात्विक यौगिक

D. कार्बनिक यौगिक ✓

**Q32** General Science

50 kg द्रव्यमान का एक लकड़ी का गुटका एक चिकनी क्षैतिज सतह पर रखा जाता है। जब वह विरामावस्था में होता है तो उस पर 'X' N का एक नियत क्षैतिज बल लगाया जाता है। गुटका 2 s में 10 m/s का वेग प्राप्त कर लेता है। X का मान क्या है?

A. 100 N

B. 250 N ✓

C. 25 N

D. 10 N

**Q33** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अणु, एक ही तत्व के दो परमाणुओं से मिलकर बना है?

A. CO

B. $H_2$ ✓

C. $O_3$

D. $H_2O$

**Q34** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति फसल की उपज बढ़ाने में प्रत्यक्ष रूप से योगदान देती है?

A. वर्ष दर वर्ष समान फसल की कृषि करना

B. समय पर सिंचाई और उर्वरीकरण ✓

C. पीड़क (pest) के संकेतों की उपेक्षा करना

D. फसल कटाई में विलंब करना

**Q35** General Science

एक विद्यार्थी एक बंद पात्र में 10 g कैल्शियम कार्बोनेट को गर्म करता है। यह अपघटित होकर 5.6 g कैल्शियम ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड गैस बनाता है। उत्पादित कार्बन डाइऑक्साइड का द्रव्यमान कितना होगा?

A. 4.4 g ✓

B. 10.0 g

C. 15.6 g

D. 5.0 g

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q36** General Science

गंधीय सूचकों (olfactory indicators) के उपयोग का मुख्य लाभ क्या है?

A. वे दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए उपयोगी होते हैं। ✓

B. वे शीघ्रता से रंग बदलते हैं।

C. ये सटीक pH मान देते हैं।

D. इनका उपयोग सभी विलयनों के लिए किया जा सकता है।

**Q37** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, गॉल्जी उपकरण का कार्य है?

A. ATP उत्पादन

B. पदार्थों का संवेष्टन एवं स्राव ✓

C. प्रोटीन संश्लेषण

D. प्रकाश संश्लेषण

**Q38** General Science

किसी वस्तु को 40 cm फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस के बाईं ओर 100 cm की दूरी पर रखा गया है। लेंस के दाईं ओर स्क्रीन को कहां रखा जाना चाहिए ताकि बनने वाला प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा और वस्तु के आकार की तुलना में छोटा हो?

A. स्क्रीन लेंस से 20 cm और 40 cm के बीच किसी भी दूरी पर होनी चाहिए।

B. स्क्रीन लेंस से 100 cm से अधिक दूरी पर होनी चाहिए।

C. स्क्रीन लेंस से 40 cm की दूरी पर होनी चाहिए।

D. स्क्रीन लेंस से 40 cm और 80 cm के बीच किसी भी दूरी पर होनी चाहिए। ✓

**Q39** General Science

एक अवतल लेंस तब आभासी प्रतिबिंब बनाता है जब वस्तु को __________ रखा जाता है।

A. केवल 2F पर

B. केवल अनंत पर

C. केवल 2F से परे

D. लेंस के सामने किसी भी स्थिति में ✓

**Q40** General Science

निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. कोलॉइड समांगी प्रतीत होते हैं क्योंकि उनके कण बहुत छोटे होते हैं।
2. आणविक स्तर पर कोलॉइड पूर्णतः समांगी होते हैं।
3. कोलॉइडी कण प्रकाश को प्रकीर्णित करते हैं।
4. दूध एक कोलॉइडी विलयन है।

A. केवल 2 और 4

B. 1, 2, 3 और 4

C. केवल 1 और 2

D. केवल 1, 3 और 4 ✓

## Mathematics

25 Questions • Answer Key

**Q41** Mathematics

किसी 24-भुजाओं वाले समबहुभुज के 8 बाह्य कोणों का योग ज्ञात कीजिए।

A. 135°

B. 120° ✓

C. 140°

D. 115°

**Q42** Mathematics

यदि मूलधन ₹75,000, दर 5% और समय 5 वर्ष है, तो साधारण ब्याज की गणना कीजिए।

A. ₹3750

B. ₹16,870

C. ₹7,850

D. ₹18,750 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q43** Mathematics

A और B मिलकर एक कार्य को 10 दिनों में, B और C मिलकर 12 दिनों में और A और C मिलकर 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। A, B और C मिलकर उस कार्य को पूरा करने में कितना समय लेंगे?

A. 10 दिन

B. 7 दिन

C. 8 दिन ✓

D. 9 दिन

**Q44** Mathematics

किसी परिवार की मासिक आय में 15% की वृद्धि हुई। उन्होंने भोजन पर मासिक व्यय में 10% और किराए पर 20% की वृद्धि की। यदि भोजन पर उनका प्रारंभिक मासिक व्यय ₹12,000 और किराए पर ₹8,000 था, और उनकी प्रारंभिक मासिक बचत ₹15,000 थी, तो उनकी नई मासिक बचत कितनी होगी? (मान लें कि कोई अन्य खर्च नहीं है।)

A. ₹18,650

B. ₹25,000

C. ₹17,450 ✓

D. ₹15,000

**Q45** Mathematics

6 संख्याओं का योगफल 240 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

A. 39

B. 40 ✓

C. 41

D. 38

**Q46** Mathematics

नवीना की मासिक आय ₹84,000 है। वह अपनी आय का 25% मकान के किराए पर, 20% किराने के सामान पर, 15% अन्य घरेलू खर्चों पर व्यय करती है और शेष राशि की बचत करती है। उसके द्वारा प्रत्येक माह कितनी राशि (₹ में) की बचत की जाती है?

A. 32,000

B. 33,600 ✓

C. 33,000

D. 32,600

**Q47** Mathematics

एक सेल के दौरान, कुल वस्तुओं में से 60% वस्तुओं को 21% लाभ पर बेचा जाता है। शेष वस्तुओं में से 40% वस्तुओं को 46% लाभ पर बेचा जाता है, और शेष वस्तुएं 29% हानि पर बेची जाती है। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 9.5

B. 3.5

C. 3

D. 13 ✓

**Q48** Mathematics

यदि किसी बेलन का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल 775.8 $cm^2$ है और उसकी ऊंचाई 24 cm है, तो उसका आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 3.14 का उपयोग कीजिए और दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

A. 1962.74 cm3

B. 1984.78 cm3

C. 2016.67 cm3

D. 1996.63 cm3 ✓

**Q49** Mathematics

किसी संख्या के एक-तिहाई में 55 जोड़ने पर 83 प्राप्त होता है। मूल संख्या के अंकों का योग ज्ञात कीजिए।

A. 12 ✓

B. 13

C. 9

D. 14

**Q50** Mathematics

कितनी राशि (₹ में) से 2 वर्षों में 6% वार्षिक दर से साधारण ब्याज के रूप में ₹720 प्राप्त होंगे?

A. 6000 ✓

B. 6200

C. 6400

D. 5500

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q51** Mathematics

एक दुकानदार पंखे का मूल्य उसके लागत मूल्य से 36% अधिक अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 25% की छूट देता है। यदि उसे ₹134 का लाभ प्राप्त होता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

A. 8,987
B. 9,112 ✓
C. 8,851
D. 9,135

**Q52** Mathematics

200 m लंबी एक ट्रेन, प्लेटफार्म पर खड़े एक व्यक्ति को 10 सेकंड में पार करती है। विपरीत दिशा में 60 km/h की चाल से चल रही 350 m लंबी दूसरी ट्रेन को पार करने में उसे कितना समय लगेगा?

A. 15 सेकंड ✓
B. 12 सेकंड
C. 16 सेकंड
D. 14 सेकंड

**Q53** Mathematics

यदि माध्यिका और बहुलक क्रमशः 65 और 60 दिए गए हैं, तो माध्य ज्ञात कीजिए।

A. 70
B. 68
C. 67.5 ✓
D. 62.5

**Q54** Mathematics

A और B किसी कार्य को क्रमशः 12 दिन और 8 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ मिलकर कार्य शुरू किया, लेकिन 2 दिन बाद B को कार्य छोड़ना पड़ा तथा A ने अकेले शेष कार्य पूरा किया। संपूर्ण कार्य कितने दिनों में पूरा हुआ?

A. 7
B. 10
C. 8
D. 9 ✓

**Q55** Mathematics

3.5, 7.5 और 6.3 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

A. 13.5 ✓
B. 14.5
C. 12.5
D. 11.5

**Q56** Mathematics

यदि 6 मशीनें 8 घंटे में 120 वस्तुएँ बनाती हैं, तो 9 मशीनें उसी दर से 4 घंटे में कितनी वस्तुएँ बना सकती हैं?

A. 80
B. 120
C. 90 ✓
D. 60

**Q57** Mathematics

लोकेश और तारेष की वर्तमान आयु का योगफल 24 वर्ष है। 2 वर्ष बाद लोकेश की आयु, तारेष की आयु की तीन गुनी होगी। लोकेश की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 19 ✓
B. 22
C. 17
D. 12

**Q58** Mathematics

4 cm कोर वाले छह घन एक दूसरे के आसन्न रखे हैं। इस प्रकार बने घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए।

A. 512 cm3
B. 64 cm3
C. 256 cm3
D. 384 cm3 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▸ Download Now on Google Play

**Q59** Mathematics

कीर्ति ₹27,000 की पूंजी से एक व्यवसाय शुरू करती है और 7 महीने बाद वैष्णवी उसकी साझेदार बनकर व्यवसाय से जुड़ जाती है। एक वर्ष बाद, लाभ को 8 : 9 के अनुपात में विभाजित किया गया। पूंजी में वैष्णवी का योगदान कितना है?

A. ₹72,750
B. ₹73,360
C. ₹72,875
D. ₹72,900 ✓

**Q60** Mathematics

84 के अभाज्य गुणनखंडों का योगफल कितना होगा?

A. 14
B. 12 ✓
C. 15
D. 18

**Q61** Mathematics

$2x > 3y$

A. $4x^2$
B. $6y^2$
C. $6y$ ✓
D. $4x$

**Q62** Mathematics

$\frac{[5 \text{ of } (2+4)] - \{6^2 \div 3\} + 2}{3 \text{ of } (5-2) \div 9}$ को सरल कीजिए।

A. 16
B. 18
C. 22
D. 20 ✓

**Q63** Mathematics

निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$[(120 - 24 \div (4+2)) \times 2 - (50 \div 5 + 6)] + [(18 + 12 \times 2 - 8) - (9 \div 3 + 5)]$

A. 252
B. 232
C. 262
D. 242 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q64** Mathematics

$\Delta$ PQR में, $\angle Q = 90°$ है। यदि $\tan R = \frac{1}{3}$ है, तो $1 + \frac{\sec P(3\cos R - \sin P)}{\operatorname{cosec} R\,(4\sin R - \cos P)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 6

B. 7

C. 3 ✓

D. 5

**Q65** Mathematics

$\frac{2}{5}$ of $\left(\left(\frac{3}{4} \div 0.25\right) + \frac{1}{2}\right) - \frac{1}{3}$

A. $\frac{17}{15}$

B. $\frac{16}{15}$

C. $\frac{14}{15}$

D. $\frac{13}{15}$ ✓

## General Intelligence & Reasoning

25 Questions • Answer Key

**Q66** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'GODS' को '7642' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'DIVE' को '1357' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'D' का कूट क्या है?

A. 7 ✓

B. 3

C. 4

D. 1

**Q67** General Intelligence & Reasoning

उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 18, 24)
(9, 22, 28)

A. (6, 19, 13)

B. (8, 21, 27) ✓

C. (4, 17, 11)

D. (11, 36, 42)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▸ Download Now on Google Play

**Q68** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) M M C R V I K Z J N L U W X W F O Y X F G (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और उसके ठीक बाद भी एक स्वर आता है?

A. एक भी नहीं ✓
B. दो
C. तीन
D. एक

**Q69** General Intelligence & Reasoning

धीरज, बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पश्चिम की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, और 8 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएँ मुड़ता है, और 14 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, और 11 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है, और 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए?

(जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

A. 5 km, पश्चिम की ओर
B. 3 km, पूर्व की ओर
C. 3 km, उत्तर की ओर ✓
D. 3 km, दक्षिण की ओर

**Q70** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर BIRD एक निश्चित तर्क के अनुसार CLSG से संबंधित है। RAIN उसी तर्क के अनुसार SDJQ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए STAR दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

A. UVCU
B. UWCV
C. TWCV
D. TWBU ✓

**Q71** General Intelligence & Reasoning

उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CVT : DXW
OBL : PDO

A. DXG : EZK
B. HZE : IAG
C. SKP : TLQ
D. NAU : OCX ✓

**Q72** General Intelligence & Reasoning

LANDMARK शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में बाएं ओर से चौथे अक्षर और दाएं ओर से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

A. 5
B. 3
C. 4
D. 2 ✓

**Q73** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'KEPT' को '7523' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'OKAY' को '4136' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'K' का कूट क्या है?

A. 1
B. 5
C. 7
D. 3 ✓

**Q74** General Intelligence & Reasoning

दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

24 35 40 51 56 ?

A. 67 ✓
B. 69
C. 68
D. 70

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q75** General Intelligence & Reasoning

नतेश बिंदु Y से चलना शुरू करता है और पूर्व दिशा में 58 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 28 km चलता है, फिर बाएं मुड़ता है और 40 km चलता है। इसके बाद वह बाएं मुड़ता है और 71 km चलता है। वह दाएं मुड़ता है और 18 km चलकर बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

A. पश्चिम की ओर 45 km

B. दक्षिण की ओर 39 km

C. उत्तर की ओर 41 km

D. उत्तर की ओर 43 km ✓

**Q76** General Intelligence & Reasoning

उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए युग्मों के दो सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CMO : DKP
WKL : XIM

A. HFC : HDC

B. OIY : PGZ ✓

C. DQG : DNH

D. GFR : GDR

**Q77** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए प्रश्न का उत्तर दें। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।)

(बाएं) 2 8 1 3 5 2 6 7 3 4 9 6 7 8 4 1 3 4 6 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद में एक सम अंक है?

A. एक

B. दो

C. चार

D. तीन ✓

**Q78** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
P + Q का अर्थ है कि 'P, Q की माता है'
P – Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है'
P x Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है'
P ÷ Q का अर्थ है कि 'P, Q की पुत्री है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'H + S – T x G ÷ P' हो तो H का G से क्या संबंध है?

A. पिता की माता ✓

B. पिता की बहन

C. माता की माता

D. बहन

**Q79** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. WO – QI

B. TL – NF

C. ME – HA ✓

D. YQ – SK

**Q80** General Intelligence & Reasoning

सभी 59 लोग उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। महेश दाएं छोर से 20वें स्थान पर है, जबकि कैलाश बाएं छोर से 14वें स्थान पर है। महेश और कैलाश के बीच कितने लोग हैं?

A. 24

B. 26

C. 23

D. 25 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q81** General Intelligence & Reasoning

वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. GHN
B. DEK
C. NOU
D. NOD ✓

**Q82** General Intelligence & Reasoning

सात व्यक्ति, A, V, C, L, E, K और N, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के बाएं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। L के दाएं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। K और L के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। V, A के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। C, N के बाएं नहीं बैठा है। C के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. K
B. E
C. L
D. A ✓

**Q83** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. JK-NO
B. XY-AE ✓
C. AB-EF
D. NO-RS

**Q84** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित समीकरण में '+' और '-' को आपस में बदल देने पर तथा 'x' और '÷' को आपस में बदल देने पर '?' के स्थान पर क्या आएगा?

3 ÷ 5 + 16 x 8 - 8 = ?

A. 21 ✓
B. 18
C. 20
D. 17

**Q85** General Intelligence & Reasoning

राजदीप अपनी कक्षा में शीर्ष से 64वें और नीचे से 23वें स्थान पर रहा। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

A. 87
B. 84
C. 85
D. 86 ✓

**Q86** General Intelligence & Reasoning

यदि "VISCOMETRY" शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

A. चार
B. तीन ✓
C. दो
D. एक

**Q87** General Intelligence & Reasoning

रजत, गरिमा का भाई है। गरिमा, हरीश की बहन है। हरीश, ज्योति का पिता है। ज्योति, करण की पत्नी है। रजत का करण से क्या संबंध है?

A. पत्नी की माता के पिता
B. पत्नी के पिता का भाई ✓
C. पत्नी की माता का भाई
D. पत्नी के पिता के पिता

**Q88** General Intelligence & Reasoning

Ay, Bk, Cv, Du, Es, Fo और Gw एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Cv, Ay के ठीक दाएं ओर बैठा है। Du, Ay के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। Fo और Cv का निकटतम पड़ोसी Bk है। Gw, Du का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Fo के सापेक्ष Es की स्थिति क्या है?

A. ठीक दाएं पड़ोस में
B. दाएं से दूसरा ✓
C. ठीक बाएं पड़ोस में
D. बाएं से तीसरा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▸ Download Now on Google Play

**Q89** General Intelligence & Reasoning

यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘×’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘−’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3 B 2 D 12 A 4 C 3 = ?

A. 12

B. 4

C. 8

D. 6 ✓

**Q90** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DGYL XKTQ ROOV LSJA ?

A. FWEF ✓

B. EVDE

C. FVDF

D. EWEE

## General Awareness

10 Questions • Answer Key

**Q91** General Awareness

24 जून 2025 को शुरू की गई NAVYA (युवा किशोरियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से आकांक्षाओं का पोषण) पहल किस आयु वर्ग के लिए है?

A. 16 - 18 वर्ष ✓

B. 14 - 16 वर्ष

C. 18 - 20 वर्ष

D. 12 - 14 वर्ष

**Q92** General Awareness

विधायी विषयों का संघ, राज्य और समवर्ती सूची में विभाजन भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से किस अनुसूची में निहित है?

A. पाँचवीं अनुसूची

B. नौवीं अनुसूची

C. ग्यारहवीं अनुसूची

D. सातवीं अनुसूची ✓

**Q93** General Awareness

भारतीय संविधान के भाग XVIII में अनुच्छेद 352 से 360 तक कितने प्रकार की आपात स्थितियों का प्रावधान किया गया है?

A. छह

B. पाँच

C. चार

D. तीन ✓

**Q94** General Awareness

किस देश ने सिकल सेल रोग (Sickle Cell Disease) के लिए "BIRSA 101" नामक पहली देशज, निम्न लागत वाली जीन थेरेपी शुरू की?

A. जापान

B. स्पेन

C. भारत ✓

D. चीन

**Q95** General Awareness

भारतीय उपमहाद्वीप में नदीय भू-आकृतिक प्रक्रमों के संदर्भ में, सिंधु-गंगा के मैदान मुख्यत: किस विशिष्ट प्रकार के निक्षेपों के दीर्घकालिक संचय के कारण निर्मित हुए हैं?

A. हिमालयी नदी प्रणालियों द्वारा जमा किए गए जलोढ़ तलछट ✓

B. बार-बार होने वाले समुद्री अतिक्रमणों द्वारा जमा की गई समुद्री तलछट

C. घाटी के हिमनदों द्वारा सीधे जमा की गई हिमनदीय मृत्तिका

D. शुष्क जलवायु परिस्थितियों में निर्मित वायूढ़ रेत के निक्षेप

**Q96** General Awareness

मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) नीति में 2018 के संशोधनों के अंतर्गत, एकल ब्रांड खुदरा व्यापार (Single Brand Retail Trading) में स्वचालित मार्ग के तहत अनुमत अधिकतम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) _____ है।

A. 100% ✓

B. 85%

C. 40%

D. 60%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q97** General Awareness

जम्मू एवं कश्मीर में लंबे रंगीन वस्त्र और लंबी शंक्वाकार टोपियाँ पहने हुए पुरुषों द्वारा कौन-सा नृत्य किया जाता है?

A. हिकाट (Hikat)

B. छोलिया (Chholiya)

C. हुरका बाउल (HurkaBaul)

D. दुमहल (Dumhal) ✓

**Q98** General Awareness

केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा के अनुसार पहली बार उद्यम करने वाली महिला, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के लिए नई योजना के तहत, अधिकतम कितनी ऋण राशि प्राप्त की जा सकती है?

A. ₹2 करोड़ ✓

B. ₹1 करोड़

C. ₹50 लाख

D. ₹5 करोड़

**Q99** General Awareness

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में पार्टी औपचारिक रूप से नरमपंथी और उग्रपंथी गुटों में विभाजित हुई?

A. दिल्ली अधिवेशन 1912

B. कलकत्ता अधिवेशन 1906

C. सूरत अधिवेशन 1907 ✓

D. बॉम्बे अधिवेशन 1910

**Q100** General Awareness

कौन-सा बैंक इंडिया बुलियन एक्सचेंज में एक विशेष श्रेणी के ग्राहक के रूप में शामिल हुआ?

A. भारतीय स्टेट बैंक ✓

B. बैंक ऑफ इंडिया

C. इंडियन बैंक

D. पंजाब नेशनल बैंक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

विद्युत धारावाही तार चुंबक के ध्रुवों के बीच रखा जाता है। इस पर अधिकतम बल तब लगता है जब यह ______।

A. चुंबकीय क्षेत्र के समानांतर होता है

B. चुंबकीय क्षेत्र के लंबवत होता है ✓

C. चुंबकीय क्षेत्र से 45° के कोण पर होता है

D. चुंबकीय क्षेत्र के बाहर होता है

**Q2** General Science

सक्रियता श्रृंखला के मध्य में धातुएँ, जैसे लोह और जिंक, सामान्यतः _____ द्वारा निष्कर्षित की जाती हैं।

A. जलीय विलयन से विस्थापन

B. कार्बन या कार्बन मोनोऑक्साइड के साथ उनके ऑक्साइड के अपचयन ✓

C. गलित लवणों के विद्युत्-अपघटन

D. किसी अपचायी कर्मक के बिना केवल तापन

**Q3** General Science

तारों के टिमटिमाने का मुख्य कारण क्या है?

A. वायुमंडलीय अपवर्तन समय के साथ परिवर्ती रहता है ✓

B. तारों के अंदर नाभिकीय अभिक्रियाएँ

C. बादलों की उपस्थिति

D. तारों के प्रकाश का प्रकीर्णन

**Q4** General Science

लाइसोसोम को निम्नलिखित में से किस नाम से भी जाना जाता है?

A. प्रोटीन कारखाने

B. नियंत्रण केंद्र

C. ऊर्जा पावरहाउस

D. कोशिका की आत्मघाती थैली ✓

**Q5** General Science

जब मुख्य अक्ष के समानांतर कई किरणें अवतल दर्पण पर पड़ती हैं, तो परावर्तित किरणें किस प्रकार व्यवहार करती हैं?

A. वे उसी पथ पर वापस परावर्तित हो जाती हैं।

B. वे विस्तारित हो जाती हैं और दर्पण के पीछे से आती हुई प्रतीत होती हैं।

C. परावर्तन के बाद वे मुख्य अक्ष के समानांतर चलती हैं।

D. वे सभी मुख्य अक्ष पर एक बिंदु पर मिलती हैं। ✓

**Q6** General Science

Which of the following epithelial tissues is specialised for absorption and lines the inner surface of the intestine?

A. Cuboidal epithelium

B. Columnar epithelium ✓

C. Stratified epithelium

D. Ciliated epithelium

**Q7** General Science

जब एथीन ($C_2H_4$) निकल उत्प्रेरक की उपस्थिति में हाइड्रोजन ($H_2$) के साथ अभिक्रिया करता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा उत्पाद बनता है?

A. एथेन (C2H6) ✓

B. प्रोपीन (C3H6)

C. एथाइन (C2H2)

D. प्रोपेन (C3H8)

**Q8** General Science

एक वस्तु 16 m की दूरी 4 s में तय करती है और फिर अगली 16 m की दूरी 2 s में तय करती है। वस्तु की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

A. 8 m/s

B. 4 m/s

C. 2.67 m/s

D. 5.33 m/s ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▸ Download Now on Google Play

**Q9** General Science

कॉपर की वैद्युतअपघटनी परिष्करण प्रक्रिया में, निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित है?

A. कैथोड – अशुद्ध कॉपर

B. एनोड – शुद्ध कॉपर

C. कैथोड पंक – शुद्ध कॉपर के क्रिस्टल

D. वैद्युतअपघट्य – अम्लीकृत कॉपर सल्फेट विलयन ✓

**Q10** General Science

एक परिपथ में 3 Ω के छह प्रतिरोधक समांतर क्रम में जुड़े हुए हैं। उनका प्रभावी प्रतिरोध क्या होगा?

A. 18 Ω

B. 2 Ω

C. 0.5 Ω ✓

D. 3 Ω

**Q11** General Science

समस्थानिक एक ही तत्व के परमाणु होते हैं, जिनमें _______ होती/होते है/हैं।

A. समान द्रव्यमान संख्या लेकिन भिन्न परमाणु संख्या

B. समान परमाणु संख्या लेकिन भिन्न द्रव्यमान संख्या ✓

C. अलग-अलग रासायनिक गुणधर्म

D. प्रोटॉन की अलग-अलग संख्या

**Q12** General Science

दिए गए कथन और उसके कारण को पढ़ें और इन कथनों के विश्लेषण के आधार पर सही विकल्प चुनें।

**कथन:** स्टेथोस्कोप ध्वनि तरंगों के बहुलित परावर्तन की अवधारणा का उपयोग करता है।
**कारण:** ध्वनि तरंगों को संचरण के लिए एक द्रव्यात्मक माध्यम की आवश्यकता होती है।

A. कथन सत्य है, लेकिन कारण असत्य है।

B. कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

C. कथन असत्य है और कारण सत्य है।

D. कथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है। ✓

**Q13** General Science

______ प्राप्त करने के लिए मवेशियों में संकर प्रजनन कराया जाता है।

A. न्यूनीकृत दुग्ध उत्पादन

B. अत्यधिक भारवहन शक्ति

C. अधिक समय तक दुग्धस्रवण और रोग प्रतिरोधक क्षमता ✓

D. केवल अधिक दुग्ध वसा अंश

**Q14** General Science

पादप संख्या में विभिन्नता उत्पन्न करने में, लैंगिक जनन का क्या महत्व है?

A. यह DNA की प्रतिलिपि बिना किसी परिवर्तन के बनाता है।

B. यह किसी भी प्रकार की विभिन्नता को उत्पन्न होने से रोकता है।

C. यह दो जनक पौधों के DNA को मिलाकर नई विभिन्नताएं उत्पन्न करता है। ✓

D. यह DNA प्रतिलिपि त्रुटियों को बढ़ाता है।

**Q15** General Science

समभारिक और समस्थानिकों में मुख्य अंतर क्या है?

A. समभारिक एक ही तत्व के परमाणु होते हैं; समस्थानिक भिन्न-भिन्न तत्वों के परमाणु होते हैं।

B. समभारिक में इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है; समस्थानिकों में नहीं।

C. समभारिक की द्रव्यमान संख्या समान होती है, लेकिन परमाणु संख्या भिन्न-भिन्न होती हैं। ✓

D. समभारिक की परमाणु संख्या समान होती है; समस्थानिकों की परमाणु संख्या भिन्न-भिन्न होती है।

**Q16** General Science

एक प्रिज्म में, निर्गत किरण, आपतित किरण से एक भिन्न कोण पर बाहर निकलती है। इस कोण को क्या कहा जाता है?

A. विचलन कोण ✓

B. प्रिज्म कोण

C. परावर्तन कोण

D. आपतन कोण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q17** General Science

सादृश्य को पूरा करने के लिए एक शब्द चुनें।

स्तंभकार उपकला : अवशोषण :: घनाभाकार उपकला : ___________

A. यांत्रिक सपोर्ट ✓

B. श्लेष्मा को धकेलना

C. एक सूक्ष्म अस्तर (delicate lining) बनाना

D. जीर्ण-शीर्ण (wear and tear) से संरक्षा

**Q18** General Science

किसी वस्तु का द्रव्यमान सर्वत्र (पृथ्वी या चंद्रमा पर) नियत रहता है, जबकि उसका भार बदल जाता है क्योंकि __________।

A. भार का SI मात्रक न्यूटन है, जबकि द्रव्यमान का किलोग्राम है

B. द्रव्यमान, जड़त्व पर निर्भर है, लेकिन भार, जड़त्व पर निर्भर नहीं है

C. भार एक अदिश राशि है, जबकि द्रव्यमान एक सदिश राशि है

D. भार, 'g' के स्थानीय मान पर निर्भर करता है, जो स्थान के साथ बदलता रहता है ✓

**Q19** General Science

एक कार 50 m/s के स्थिर वेग से सरल रेखीय पथ पर गतिमान है। क्रमशः 10 sec में कार का विस्थापन और कार द्वारा अनुगमित गति का प्रकार क्या है?

A. 5 m और असमान गति

B. 500 m और असमान गति

C. 5 m और एकसमान गति

D. 500 m और एकसमान गति ✓

**Q20** General Science

एक बस 100 s में 1000 m की सरल रेखीय सड़क के एक सिरे A से दूसरे सिरे B तक जाती है फिर मुड़ती है और दूसरे 100 s में 500 m दूरी तय करके C बिंदु पर वापस आती है। औसत वेग (m/s में) क्या होगा और बिंदु A से बिंदु C तक जाने में बस की गति का प्रकार क्या होगा?

A. 0.4 m/s और असमान गति

B. 0.4 m/s और एकसमान गति

C. 2.5 m/s और एकसमान गति

D. 2.5 m/s और असमान गति ✓

**Q21** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी तटीय क्षेत्रों में लोहे के संक्षारण को रोकने की एक सर्वोत्तम विधि है?

A. गैल्वनीकरण ✓

B. तेल आधारित पेंट से पेंट करना

C. लोहे को आवधिक रूप से गर्म करना

D. ठंडे जल में निमज्जित करना

**Q22** General Science

आणविक सूत्र $C_2H_4O$ वाला यौगिक, निम्नलिखित में से किस क्रियात्मक समूह से संबंधित हो सकता है, और इसका IUPAC नाम क्या है?

A. ऐल्कोहॉल, एथेनॉल (Alcohol, ethanol)

B. ऐल्डिहाइड, ऐथेनल (Aldehyde, ethanal) ✓

C. ऐल्डिहाइड, एथेनॉल (Aldehyde, ethanol)

D. ईथर, एथेन (Ether, ethane)

**Q23** General Science

रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कथन 1: परमाणु के केंद्र में धनात्मक आवेशित सघन नाभिक होता है।

कथन 2: इलेक्ट्रॉन बिना ऊर्जा खोए नाभिक के परितः वृत्तीय कक्षाओं में घूमते हैं।

कथन 3: परमाणु के भीतर का अधिकांश स्थान खाली होता है।

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1, 2 और 3

D. केवल 1 और 3 ✓

**Q24** General Science

बल (F) का SI मात्रक ______ होता है।

A. N m

B. जूल

C. $kg\ m/s^2$ ✓

D. kg m/s

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q25** General Science

0.01 M HCl विलयन का pH कितना होगा?

A. 8

B. 12

C. 18

D. 2 ✓

**Q26** General Science

5N के नियत बल के कारण एक पिंड का उसी दिशा में 50 m विस्थापन होता है जिस दिशा में बल लगाया जाता है। ज्ञात कीजिए कि इस बल के कारण कितना कार्य किया गया?

A. + 250 J ✓

B. - 25 J

C. - 250 J

D. + 25 J

**Q27** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एक यौगिक को मिश्रण से सही रूप से पृथक करता है?

A. मिश्रण को भौतिक माध्यमों से अलग किया जा सकता है, लेकिन यौगिकों को अलग नहीं किया जा सकता है। ✓

B. मिश्रण रासायनिक अभिक्रियाओं के माध्यम से बनते हैं।

C. यौगिक अपने संघटकों के गुणधर्मों को बनाए रखते हैं।

D. यौगिक परिवर्ती संयोजन (variable composition) दर्शाते हैं, मिश्रण नहीं।

**Q28** General Science

25 m/s से गतिमान एक वस्तु 5 सेकंड में विरामावस्था में आ जाती है। अंतिम वेग ________ होगा।

A. 0 m/s ✓

B. 5 m/s

C. 20 m/s

D. 25 m/s

**Q29** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, तंत्रिका ऊतक के प्राथमिक कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. विद्युत आवेगों का पारगमन (Transmission) ✓

B. संबल और आबंधन प्रदान करना

C. पोषकों का अवशोषण

D. संचलन के लिए संकुचन

**Q30** General Science

जब ध्वनि, वायु के माध्यम से संचरित होती है, तो कंपमान पिंड द्वारा वायु को आगे धकेलने से निर्मित उच्च दाब वाले क्षेत्र को ________ कहा जाता है।

A. माध्यम सीमा

B. अनुप्रस्थ तरंग

C. संपीडन (C) ✓

D. विरलन (R)

**Q31** General Science

अंडाशय से मुक्त होने के बाद, एक अनिषेचित अंडा कितने समय तक जीवित रहता है?

A. दो घंटे

B. एक माह

C. लगभग एक दिन ✓

D. एक सप्ताह

**Q32** General Science

कृषि उपज में संग्रहण हानि के लिए उत्तरदायी कारकों की दो मुख्य श्रेणियां कौन-सी हैं?

A. यांत्रिक और तापीय

B. रासायनिक और विद्युत

C. कटाई और प्रसंस्करण

D. जैविक और अजैविक ✓

**Q33** General Science

जीवों का कौन सा समूह शवों और अपशिष्ट पदार्थों को सरल पदार्थों में विघटित करने के लिए होता है जो मृदा में वापस मिल जाते हैं?

A. उत्पादक (Producers)

B. केवल परजीवी (Parasite only)

C. अपघटक (Decomposers) ✓

D. उपभोक्ता (Consumers)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q34** General Science

नीचे दिए गए दो कथनों के आधार पर **सही** विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: शरीर में विद्युत आवेगों के तीव्र संचरण के लिए तंत्रिका ऊतक उत्तरदायी होता है।

कथन B: तंत्रिका ऊतक मुख्यतः अंगों को संरचनात्मक और यांत्रिक आलंब (support) प्रदान करता है।

A. A और B दोनों कथन गलत हैं।

B. कथन A गलत है लेकिन कथन B सही है।

C. A और B दोनों कथन सही हैं।

D. कथन A सही है लेकिन कथन B गलत है। ✓

**Q35** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, लयनकायी एंजाइमों के प्रमुख कार्य का वर्णन करता है?

A. झिल्ली के आर-पार अणुओं का परिवहन करना

B. आनुवंशिक पदार्थों का भंडारण करना

C. प्रोटीन, लिपिड एवं कार्बोहाइड्रेट का विघटन करना ✓

D. कोशिका के लिए नए प्रोटीन बनाना

**Q36** General Science

मानव में परिवर्धनशील भ्रूण का अंतर्रोपण मादा जनन तंत्र के किस भाग में होता है?

A. गर्भाशयी अस्तर (Lining of the uterus) ✓

B. गर्भाशयग्रीवा (Cervix)

C. अंडाशय (Ovary)

D. डिम्बवाहिनी नली (Fallopian tubes)

**Q37** General Science

यदि वायु के प्रतिदर्श को उसके आधे आयतन तक संपीडित किया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. गैसों का अनुपात परिवर्तित हो जाता है।

B. संपीडित करने पर वायु एक यौगिक बन जाती है।

C. वायु का संघटन समान रहता है, क्योंकि यह एक मिश्रण है। ✓

D. वायु का संघटन परिवर्तित हो जाता है।

**Q38** General Science

निम्नलिखित में से किस वलय यौगिक का आण्विक सूत्र $C_6H_{12}$ है?

A. साइक्लोहेक्सेन ✓

B. ब्यूटेन

C. बेन्जीन

D. हेक्सेन

**Q39** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, खाद्य जाल को खाद्य श्रृंखला से सर्वोत्तम रूप से विभेदित करता है?

A. खाद्य जाल में ऊर्जा का प्रवाह पश्चदिशिक होता है; खाद्य श्रृंखला एकदिशीय होती है।

B. खाद्य श्रृंखला में सदैव अपघटक मौजूद होते हैं; खाद्य जाल में नहीं होते हैं।

C. खाद्य जाल में अनेक पोषण स्तर दर्शाए जाते हैं; खाद्य श्रृंखला में केवल एक स्तर दर्शाया जाता है। ✓

D. खाद्य जाल सम्पूर्ण ऊर्जा अंतरित करता है; खाद्य श्रृंखला में ऊर्जा की हानि होती है।

**Q40** General Science

एक यौगिक का आण्विक द्रव्यमान '60' है। यदि इसमें 40% कार्बन, 6.7% हाइड्रोजन, और 53.3% ऑक्सीजन है, तो इसका आण्विक सूत्र क्या होगा?

A. $C_4H_8O_4$

B. $C_2H_4O_2$ ✓

C. $CH_2O$

D. $C_3H_6O_3$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q41** Mathematics

दो संख्याएँ 4 : 9 के अनुपात में हैं। यदि उनका योगफल 26 है, तो उनके बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

A. 12 ✓
B. 10
C. 14
D. 11

**Q42** Mathematics

30 से कम कितने धनात्मक पूर्णांक, 30 के साथ सह-अभाज्य हैं?

A. 5
B. 7
C. 6
D. 8 ✓

**Q43** Mathematics

वह कितनी धनराशि (₹ में) है जिस पर 2 वर्षों में 5% वार्षिक की दर से साधारण ब्याज के रूप में ₹740 प्राप्त होगा?

A. 7400 ✓
B. 7800
C. 7600
D. 6900

**Q44** Mathematics

एक कार x km/h की अज्ञात चाल से 120 km की यात्रा करती है और फिर (x + 20) km/h की चाल से वापस लौटती है। संपूर्ण यात्रा की औसत चाल 60 km/h है। x का मान ज्ञात कीजिए। (उत्तर को एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

A. 54.5
B. 51.6 ✓
C. 50.2
D. 52.4

**Q45** Mathematics

एक दुकानदार ने एक पुस्तक 7% की हानि पर बेची। यदि विक्रय मूल्य में ₹120 की वृद्धि कर दी जाती, तो उसे 17% का लाभ होता। पुस्तक का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था?

A. 495
B. 505
C. 510
D. 500 ✓

**Q46** Mathematics

साक्षी और प्रिया की आयु का अंतर 37 वर्ष है। वर्तमान से पांच वर्ष पहले, उनकी आयु का योगफल 95 वर्ष था। यदि साक्षी, प्रिया से बड़ी है, तो प्रिया की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 28
B. 24
C. 43
D. 34 ✓

**Q47** Mathematics

8 cm लंबाई की भुजा वाले समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\sqrt{3}$ = 1.732 का उपयोग कीजिए)

A. 26.812 sq.cm.
B. 28.612 sq.cm.
C. 24.812 sq.cm.
D. 27.712 sq.cm. ✓

**Q48** Mathematics

$11^3 - 8^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 819 ✓
B. 759
C. 806
D. 866

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

**Q49** Mathematics

निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक क्या है?

40, 53, 47, 55, 42, 46, 50, 42, 54, 49, 40, 54, 43, 40, 44, 55, 49, 53

A. 53
B. 40 ✓
C. 49
D. 55

**Q50** Mathematics

एक पाइप किसी टंकी को 18 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 72 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइप को खाली टंकी में एक खोल दिया जाए, तो टंकी का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

A. 32
B. 48
C. 16 ✓
D. 64

**Q51** Mathematics

एक व्यापारी दो वस्तुएँ X और Y, ₹1,200 प्रति वस्तु की दर से खरीदता है। वह दोनों वस्तुओं पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 80% और 44% की दो क्रमिक छूट देकर बेचता है और फिर भी ₹172 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह Y को 88% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

A. 22.5% ✓
B. 21.5%
C. 22%
D. 21%

**Q52** Mathematics

ब्याज के त्रैमासिक रूप से संयोजित होने पर कोई धनराशि 8% वार्षिक दर से 6 मास में ₹52,020 हो जाती है। वह धनराशि ज्ञात कीजिए।

A. ₹51,000
B. ₹48,000
C. ₹50,000 ✓
D. ₹49,000

**Q53** Mathematics

निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 94 और 68 दोनों से विभाज्य नहीं है?

A. 3196
B. 7990 ✓
C. 6392
D. 9588

**Q54** Mathematics

किन्हीं आकड़ों का माध्य 41 है और उनकी माध्यिका 98 है। आकड़ों का बहुलक (आनुभविक संबंध का उपयोग करते हुए) ज्ञात कीजिए।

A. 212 ✓
B. 209
C. 240
D. 128

**Q55** Mathematics

अनुजा और महिमा की आयु में 42 वर्ष का अंतर है। पांच वर्ष पहले, उनकी आयु का योगफल 98 वर्ष था। यदि अनुजा, महिमा से बड़ी है, तो महिमा की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 29
B. 28
C. 33 ✓
D. 27

**Q56** Mathematics

एक व्यक्ति ने अपनी आय का 40% अपनी पत्नी को घरेलू खर्च के लिए दिया। उसने शेष राशि का 20% अपने दो पुत्रों और एक पुत्री में से प्रत्येक को दिया। अब बची हुई राशि का एक-तिहाई हिस्सा फुटकर वस्तुओं पर खर्च किया गया तथा शेष राशि ₹14,400 को बैंक में जमा कर दिया। उसकी आय ज्ञात कीजिए।

A. ₹96,000
B. ₹1,10,000
C. ₹90,000 ✓
D. ₹1,00,000

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q57** Mathematics

110 पूर्णांक वाली किसी परीक्षा में, B को 50 अंक प्राप्त हुए जबकि A को 80 अंक प्राप्त हुए। A के अंकों का कितना प्रतिशत B के अंक थे?

A. 160%

B. 72.73%

C. 110%

D. 62.5% ✓

**Q58** Mathematics

निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 11 से विभाज्य है?

A. 513589

B. 512579

C. 502589

D. 502579 ✓

**Q59** Mathematics

करण और अर्जुन एक व्यवसाय शुरू करते हैं। करण, अर्जुन से ₹15,000 अधिक निवेश करता है। करण 3 महीने के लिए निवेश करता है और अर्जुन 4 महीने के लिए निवेश करता है। व्यवसाय के अंत में, कुल लाभ ₹6,060 है, और करण का हिस्सा, अर्जुन के हिस्से से ₹2,020 अधिक है। करण द्वारा निवेश की गई पूंजी ज्ञात कीजिए।

A. ₹24,087

B. ₹24,000 ✓

C. ₹23,885

D. ₹24,093

**Q60** Mathematics

तीन इनलेट पाइप A, B और C एक टैंक को क्रमशः 8 घंटे, 12 घंटे और 24 घंटे में भर सकते हैं। सबसे पहले, पाइप A को अकेले 1 घंटे के लिए खोला जाता है। फिर पाइप B को खोला जाता है, तथा A और B दोनों को अगले 2 घंटे तक एक साथ चालू रखा जाता है। इसके बाद, पाइप C को भी खोला जाता है, तथा तीनों पाइपों को एक साथ तब तक चालू रखा जाता है जब तक कि टैंक भर न जाए। शुरुआत से टैंक को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

A. 4 घंटे 20 मिनट

B. 4 घंटे 30 मिनट

C. 4 घंटे 40 मिनट

D. 4 घंटे 50 मिनट ✓

**Q61** Mathematics

किसी घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का योग p cm है और उसका विकर्ण q cm है। उसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

A. $(p-q)^2$

B. $p^2+q^2$

C. $\frac{p^2-q^2}{2}$

D. $p^2-q^2$ ✓

**Q62** Mathematics

यदि $a = 0.1125$ है, तो $100\left[\sqrt{1 + 2(3a) + 9a^2} - 4a\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 85.57

B. 87.75

C. 87.57

D. 88.75 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q63** Mathematics

$$\left(\frac{15}{24} \div \frac{15}{2}\right) \div \left(\frac{1}{8} \times \frac{16}{3} + \frac{1}{8}\right) + \frac{2}{11} \div \frac{19}{23} \text{ of } \frac{23}{11}$$

A. $\frac{7}{18}$ ✓

B. $\frac{4}{19}$

C. $-\frac{5}{23}$

D. $-\frac{4}{24}$

**Q64** Mathematics

यदि $\frac{\sin\theta + \cos\theta}{\sin\theta - \cos\theta} = 11$ है, तो $\frac{25\tan^2\theta - 3}{36\cot^2\theta + 2} - 1$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{7}{9}$

B. $\frac{2}{9}$ ✓

C. 1

D. $\frac{11}{9}$

**Q65** Mathematics

किसी लंब वृत्तीय बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 1056 $cm^2$ है और इसकी ऊँचाई 16 cm है। बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

A. 1974 cm2

B. 1749 cm2 ✓

C. 1479 cm2

D. 1794 cm2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q66** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित संख्याओं के युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ प्रयुक्त करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें ये संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)
32, 192
41, 246

- A. 35, 210 ✓
- B. 43, 254
- C. 38, 226
- D. 44, 364

**Q67** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि ‘A, B की बहन है’
A – B का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’
A x B का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’
A ÷ B का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’
उपरोक्त के आधार पर, यदि ‘M – K + L ÷ P x R’ हो, तो M का R से क्या संबंध है?

- A. पत्नी के पिता
- B. पत्नी के पिता का भाई ✓
- C. पत्नी के पिता के पिता
- D. पत्नी का भाई

**Q68** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि ‘A, B की बहन है’,
A + B का अर्थ है कि ‘A, B का पुत्र है’,
A ÷ B का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’,
और A @ B का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’।

यदि ‘A + B # H @ K ÷ T’ हो, तो A का T से क्या संबंध है?

- A. पत्नी के पिता की बहन का पति
- B. पत्नी के पिता की बहन का पुत्र ✓
- C. पत्नी के पिता
- D. पत्नी का भाई

**Q69** General Intelligence & Reasoning

उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(6, 18, 14)
(8, 20, 16)

- A. (12, 28,24)
- B. (13, 25, 21) ✓
- C. (14, 26, 30)
- D. (9, 21, 25)

**Q70** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।)
(बाएं) 7 2 9 1 3 2 9 4 1 6 8 5 4 3 7 6 4 2 8 1 3 5 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक से ठीक पहले एक सम अंक और उसके ठीक बाद एक सम अंक आता है?

- A. दो
- B. तीन ✓
- C. चार
- D. एक

**Q71** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'Q # W + R ÷ G @ H' है, तो Q का H से क्या संबंध है?

- A. भाई की पत्नी ✓
- B. पत्नी
- C. पुत्री
- D. भाई की पुत्री

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

**Q72** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित समीकरण में '+' और '-' को आपस में बदल देने पर तथा 'x' और '÷' को आपस में बदल देने पर '?' के स्थान पर क्या आएगा?

4 ÷ 2 + 12 x 4 - 3 = ?

A. 4
B. 6
C. 8 ✓
D. 9

**Q73** General Intelligence & Reasoning

यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

57 D 34 C 90 A 18 B 6 = ?

A. 55
B. 53 ✓
C. 57
D. 54

**Q74** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'SNOW' को '1732' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'KNOW' को '5317' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'K' के लिए कूट क्या है?

A. 1
B. 5 ✓
C. 2
D. 7

**Q75** General Intelligence & Reasoning

सात बॉक्स, B, F, G, H, R, T और Y, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन ज़रूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों।
R को H के ठीक ऊपर रखा गया है। G को T के ठीक ऊपर रखा गया है। H और T के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। T को R के ऊपर रखा गया है। Y के नीचे केवल एक बॉक्स रखा गया है। G या B सबसे ऊपर नहीं रखे गए हैं।
T के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

A. 1
B. 4
C. 2 ✓
D. 3

**Q76** General Intelligence & Reasoning

AMBLERS शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से तथा प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

A. तीन
B. एक
C. दो
D. एक भी नहीं ✓

**Q77** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

SJT HYI WNX LCM ?

A. ASD
B. ARB ✓
C. ABS
D. ABR

**Q78** General Intelligence & Reasoning

S, E की पुत्री है। E, L की पत्नी है। N, K की माता है। N, L की बहन है। S का K से क्या संबंध है?

A. माता के भाई की पत्नी
B. भाई की पत्नी
C. माता के भाई की पुत्री ✓
D. भाई की पुत्री

**Q79** General Intelligence & Reasoning

सात व्यक्ति, C, D, E, F, J, K और L, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, J के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। K के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। K और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. दो ✓
B. चार
C. एक
D. तीन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q80** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उनमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. JD - LE ✓
B. HB - IC
C. QK - RL
D. MG - NH

**Q81** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. PS - TW
B. MP - RT ✓
C. QT - UX
D. JM - NQ

**Q82** General Intelligence & Reasoning

उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
HDF–DZB
GCE–CYA

A. UPQ–QMO
B. UPQ–PLN
C. UQS–PMN
D. UQS–QMO ✓

**Q83** General Intelligence & Reasoning

THALERS शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से तथा प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

A. 1
B. एक भी नहीं ✓
C. 3
D. 2

**Q84** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) E Z J K A R T S W H M F U C N P D K I E N O A K (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद भी एक व्यंजन है?

A. 4
B. 1
C. 2 ✓
D. 3

**Q85** General Intelligence & Reasoning

नीचे दिए गए दो युग्मों के समूह के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
POK–GFB
FEA–WVR

A. WUP–NMI
B. WUP–MLH
C. WVR–NMI ✓
D. WVR–MMH

**Q86** General Intelligence & Reasoning

किसी निश्चित कूट भाषा में, 'PICK' को '2384' और 'SKIP' को '4638' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'S' का कूट क्या होगा?

A. 6 ✓
B. 8
C. 3
D. 2

**Q87** General Intelligence & Reasoning

सात व्यक्ति H, I, J, K, L, M और N उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। L के बाएं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I, J के दाएं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। I, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। K, M के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर कौन बैठा है?

A. K
B. H
C. J
D. N ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q88** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. UXV
B. SVT
C. PSQ
D. RKL ✓

**Q89** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

MATH – AMTH – AHTM
MELT – EMLT – ETLM

A. HART – RTAH – AHRT
B. LEAD – ALDE– ADLE
C. COLD – OCLD – ODLC ✓
D. TEAM – AEMT – TEAM

**Q90** General Intelligence & Reasoning

सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। E नीचे से पाँचवें स्थान पर है। C ऊपर से पाँचवें स्थान पर है। D और C के बीच केवल एक बक्सा रखा है। F, B के ठीक नीचे रखा है। A, G के नीचे नहीं रखा है। G और A के बीच कितने बक्से रखे हैं?

A. एक भी नहीं
B. तीन
C. एक ✓
D. दो

## General Awareness

10 Questions • Answer Key

**Q91** General Awareness

सितंबर 2025 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किस महत्वपूर्ण कानूनी स्थिति की पुष्टि की?

A. यदि प्रथम दृष्टया FIR में अधिनियम के अंतर्गत अपराध सिद्ध होता है, तो अग्रिम जमानत देना पूर्णतः वर्जित है। ✓
B. भारतीय दंड संहिता से अग्रिम जमानत का प्रावधान हटा दिया गया है।
C. अग्रिम जमानत केवल उच्च न्यायालय द्वारा ही दी जा सकती है।
D. आरोपी सभी परिस्थितियों में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है।

**Q92** General Awareness

निम्नलिखित में से किसने एक कलाकार, शिक्षक, संगीतकार और विद्वान के रूप में भरतनाट्यम में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया?

A. वेमपति चिन्ना सत्यम
B. सी. वी. चंद्रशेखर ✓
C. कलामंडलम गोपी
D. गुरु बिपिन सिंह

**Q93** General Awareness

निम्नलिखित में से कौन 1855-1856 के संथाल विद्रोह के प्रमुख नेता थे?

A. सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू ✓
B. लालू प्रसाद और सिद्धू कान्हू
C. तिलका मांझी और सिदो कान्हू
D. बिरसा मुंडा और रघुनाथ मुर्मू

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q94** General Awareness

किस देश में 10 से 16 सितंबर 2025 तक सैन्य अभ्यास ZAPAD 2025 आयोजित किया गया?

A. जर्मनी

B. जापान

C. फ्रांस

D. रूस ✓

**Q95** General Awareness

भारत ने किस वर्ष विश्व व्यापार संगठन (WTO) समझौते पर हस्ताक्षर किए और WTO का संस्थापक सदस्य बना?

A. 1993

B. 1995 ✓

C. 1991

D. 1997

**Q96** General Awareness

राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025, निम्नलिखित में से किस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया गया था?

A. विद्यालयों में शारीरिक और खेल शिक्षा में सुधार करने के लिए

B. खेल निकायों को मान्यता देने और उन्हें विनियमित करने के लिए नियम स्थापित करने के लिए ✓

C. ओलंपिक खेलों के लिए बजट आवंटन को बढ़ाने के लिए

D. राष्ट्रीय स्तर पर टैलेंट हंट प्रोग्राम को शुरू करने के लिए

**Q97** General Awareness

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा के लिए 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द को किस संवैधानिक संशोधन द्वारा शामिल किया गया था?

A. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976

B. 61वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1988

C. 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 ✓

D. 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002

**Q98** General Awareness

"छह से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने बच्चों या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करना", को निम्नलिखित में से किस संशोधन के माध्यम से भारतीय संविधान में 11वें मौलिक कर्तव्य के रूप में जोड़ा गया?

A. 86वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 ✓

B. 42वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1976

C. 61वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1988

D. 44वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1978

**Q99** General Awareness

किस भारतीय राज्य में पश्चिमी घाट अपने अधिकतम ऊँचाई तक पहुँचते हैं, जो इस पर्वतमाला की सर्वोच्च चोटी अनाईमुडी (Anaimudi) की उपस्थिति से चिह्नित है?

A. केरल ✓

B. महाराष्ट्र

C. तमिलनाडु

D. कर्नाटक

**Q100** General Awareness

अक्टूबर 2025 के दौरान, इसरो के चंद्रयान-2 ऑर्बिटर द्वारा पहली बार कौन-सा वैज्ञानिक अवलोकन किया गया था?

A. चंद्रमा पर मौजूद एक नए पहचाने गए खनिज की खोज

B. चंद्र सतह के नीचे उप-सतह जल निक्षेपों की उपस्थिति

C. चंद्र पर्पटी (lunar crust) के नीचे होने वाली ज्वालामुखीय गतिविधि का पता लगाना

D. सूर्य से होने वाले कोरोनल मास इजेक्शन का चंद्रमा पर प्रभाव ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सर्वोत्तम रूप से यह समझाता है कि अपशिष्ट उत्पादन आधुनिक समाज में एक प्रमुख पर्यावरणीय समस्या क्यों बन गया है?

A. पैकेजिंग सामग्री के उपयोग में कमी और पुनर्चक्रण में वृद्धि

B. जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट के संग्रहण और उसके पुनर्चक्रण को सीमित करने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए विनियम

C. जीवनशैली में सुधार के कारण निपटान-योग्य और अजैवनिम्नीकरणीय सामग्रियों के उपयोग में वृद्धि ✔

D. जैवनिम्नीकरणीय सामग्रियों के उपयोग में वृद्धि और बेहतर निपटान की आदतें

**Q2** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा ऊतक अंगों और शरीर की गति के लिए उत्तरदायी है?

A. उपकला ऊतक

B. हृद् पेशी

C. कंकाल पेशी ✔

D. चिकनी पेशी

**Q3** General Science

ध्वनि की चाल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
(i) माध्यम के तापमान में वृद्धि के साथ ध्वनि की चाल कम हो जाती है।
(ii) समान बाह्य परिस्थितियों में ठोस अवस्था में ध्वनि की चाल गैसीय अवस्था की तुलना में अधिक होती है।
(iii) ध्वनि की चाल उस माध्यम के गुणों पर निर्भर नहीं करती जिससे होकर वह गुजरती है।

A. केवल (2) ✔

B. (i) और (iii) दोनों

C. केवल (iii)

D. (i) और (ii) दोनों

**Q4** General Science

माइटोकॉन्ड्रिया की अधिक वलित आंतरिक झिल्ली ATP उत्पादन के लिए ________ बढ़ाने में सहायता करती है।

A. रंग

B. कोशिका भित्ति की मोटाई

C. पृष्ठ क्षेत्रफल ✔

D. आयतन

**Q5** General Science

15 V विभवांतर वाले दो बिंदुओं के बीच 3 C के आवेश को स्थानांतरित करने के लिए कितने कार्य की आवश्यकता होती है?

A. 21 J

B. 5 J

C. 14 J

D. 45 J ✔

**Q6** General Science

कृषि उद्देश्यों के लिए वानस्पतिक प्रवर्धन क्यों उपयोगी होता है?

A. यह प्राकृतिक रूप से बीमारियों को रोकता है।

B. यह आनुवंशिक भिन्नता को बढ़ाता है।

C. इसे हर पीढ़ी के लिए बीजों की आवश्यकता होती है।

D. यह तीव्रता से एकसमान पौधों का उत्पादन करता है। ✔

**Q7** General Science

सादृश्यता को पूर्ण करने के लिए उचित शब्द का चयन कीजिए।

क्लोरेनकाइमा : प्रकाश संश्लेषण :: एयरेन्काइमा : ________

A. उत्प्लावकता ✔

B. यांत्रिक शक्ति

C. खाद्य भंडारण

D. जल अवशोषण

**Q8** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म समस्थानिक है?

A. $^{40}Ca$ और $^{40}Ar$

B. $^{16}O$ और $^{16}F$

C. $^{12}C$ और $^{14}N$

D. $^{1}H$ और $^{2}H$ ✔

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q9** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव संयोजी ऊतक में स्नायु (ligament) और कंडरा (tendon) के बीच सही अंतर बताता है?

A. स्नायु, अस्थि को अस्थि से संयोजित करता है; कंडरा, मांसपेशियों को अस्थि से संयोजित करता है ✓

B. स्नायु और कंडरा दोनों अस्थियों को अस्थियों से संयोजित करते हैं परंतु रंग में भिन्न होते हैं

C. स्नायु, मांसपेशियों को अस्थि से संयोजित करता है; कंडरा, अस्थि को अस्थि से संयोजित करता है

D. कंडरा प्रात्यास्थ होता है, जबकि स्नायु सम्पूर्ण रूप से अप्रात्यास्थ होता है

**Q10** General Science

25°C पर शुद्ध जल में $H^+$ आयनों की सांद्रता कितनी होती है?

A. 1×10−1 M

B. 1×10−7 M ✓

C. 1×10−4 M

D. 1×10−5 M

**Q11** General Science

यदि किसी वस्तु का द्रव्यमान 12 kg है तथा यह 8 m/s की नियत चाल से चल रही है, इसकी गतिज ऊर्जा ज्ञात कीजिए।

A. 768 J

B. 256 J

C. 512 J

D. 384 J ✓

**Q12** General Science

निम्नलिखित में से किस यौगिक युग्म में प्रति अणु परमाणुओं की कुल संख्या समान है?

A. CO2 और H2O2

B. NH3 और CH4

C. C2H6O और PCl3

D. H2SO4 और N2O5 ✓

**Q13** General Science

एक निकटदृष्टि दोष से ग्रस्त व्यक्ति की दृष्टि में दूर का बिंदु नेत्र के 80 cm आगे होता है। सामान्य दृष्टि के लिए दूर बिंदु को अनंत मानते हुए, संशोधक लेन्स की आवश्यक शक्ति (P) कितनी होगी?

A. -1.25 D ✓

B. +1.25 D

C. +0.80 D

D. -0.80 D

**Q14** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प जल ($H_2O$) के अणु के एकक द्रव्यमान को सही ढंग से दर्शाता है?

A. 10 u

B. 20 u

C. 16 u

D. 18 u ✓

**Q15** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियम (Universal Law of Gravitation) द्वारा स्पष्ट **नहीं** किया गया है?

A. ज्वार-भाटा (tide) का निर्माण

B. पेड़ से सेब गिरना

C. किसी गतिमान वस्तु के लिए वायु द्वारा उत्पन्न प्रतिरोध ✓

D. पृथ्वी पर वस्तुओं का वजन

**Q16** General Science

21 N का एक अचर बल किसी पिंड को अपनी दिशा में 3 m तक गतिमान करता है। किया गया कार्य _____ है।

A. 24 J

B. 7 J

C. 18 J

D. 63 J ✓

**Q17** General Science

5 Ω और 15 Ω के दो प्रतिरोधक 10 V की बैटरी से श्रेणीक्रम में जुड़े हैं। परिपथ में कितनी धारा प्रवाहित होगी?

A. 2 A

B. 0.5 A ✓

C. 200 A

D. 0.4 A

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q18** General Science

बोर-बरी नियमों के अनुसार कॉलम I में तत्वों को कॉलम II में दिए गए उनके सही इलेक्ट्रॉन वितरण से सुमेलित कीजिए।

| तत्व | इलेक्ट्रॉन वितरण |
|---|---|
| A. सोडियम (Na) | 1. 2, 8, 2 |
| B. मैग्नीशियम (Mg) | 2. 2, 8, 1 |
| C. ऐलुमिनियम (Al) | 3. 2, 8, 3 |
| D. कैल्सियम (Ca) | 4. 2, 8, 8, 2 |

A. A–2, B–3, C–1, D–4
B. A–1, B–3, C–2, D–4
C. A–2, B–1, C–3, D–4 ✓
D. A–2, B–3, C–4, D–1

**Q19** General Science

जब पादप तथा जंतु कोशिकाओं दोनों को शुद्ध जल में रखा जाता है, तो केवल जंतु कोशिका के प्रस्फोट (burst) होने का क्या कारण है?

A. पादप कोशिकाओं की कोशिका भित्ति कठोर होती है। ✓
B. पादप कोशिकाएं सक्रिय रूप से जल को बाहर पंप कर सकती हैं।
C. परासरण केवल जंतु कोशिकाओं में होता है।
D. जंतु कोशिकाओं की झिल्ली मोटी होती है।

**Q20** General Science

एक वैज्ञानिक ने देखा कि समुद्र के पास लगी लोहे की रेलिंग में शुष्क प्रदेश में लगी उसी प्रकार की रेलिंग की तुलना में अधिक तेजी से जंग लगता है। इसका मुख्य कारण क्या हो सकता है?

A. समुद्री वायु में नमक और नमी होती है, जिससे जंग लगने की प्रक्रिया तेज़ हो जाती है। ✓
B. प्रदेश की वायु में ऑक्सीजन कम है, जिससे जंग नहीं लगती।
C. समुद्र के पास लगी लोहे की रेलिंग सूर्य के प्रकाश के संपर्क में अधिक आती है।
D. समुद्री वायु अधिक आर्द्र होती है, जिससे जंग लगने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है।

**Q21** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, द्विपरमाण्विक तत्व को सही प्रकार से निरूपित करता है?

A. H2 ✓
B. CO
C. He
D. H

**Q22** General Science

मनुष्यों में निषेचन के बाद, भ्रूण का विकास और वृद्धि मुख्यत: कहां होती है?

A. गर्भाशय (Uterus) ✓
B. डिंबवाहिनी नली (Fallopian tube)
C. योनि (Vagina)
D. अंडाशय (Ovary)

**Q23** General Science

प्रतिस्थापन अभिक्रिया के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. वह अभिक्रिया जिसमें कोई यौगिक सरल पदार्थों में टूट जाता है
B. वह अभिक्रिया जिसमें एक अणु के परमाणुओं या समूहों को किसी अन्य परमाणु या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है। ✓
C. वह अभिक्रिया जिसमें दो यौगिक संयुक्त होकर एक यौगिक बनाते हैं।
D. वह अभिक्रिया जिसमें हाइड्रोजन किसी यौगिक से जुड़ जाता है।

**Q24** General Science

सक्रियता श्रेणी में ऊपर आने वाली धातुओं, जैसे सोडियम और एल्युमीनियम, के निष्कर्षण के लिए विद्युत अपघटन का उपयोग क्यों किया जाता है?

A. क्योंकि ये धातुएँ प्राकृतिक अवस्था में पाई जाती हैं।
B. क्योंकि इन धातुओं को कार्बन या हाइड्रोजन द्वारा अपचित नहीं किया जा सकता। ✓
C. क्योंकि इन धातुओं का गलनांक निम्न होता है।
D. क्योंकि ये धातुएँ वाष्पशील ऑक्साइड बनाती हैं।

**Q25** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा समस्थानिक कैंसर के उपचार में उपयोग किया जाता है?

A. कार्बन का समस्थानिक
B. कोबाल्ट का समस्थानिक ✓
C. आयोडीन का समस्थानिक
D. यूरेनियम का समस्थानिक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

**Q26** General Science

एक किसान 11 m भुजा वाले एक वर्गाकार खेत की बाउंड्री के अनुदिश चलकर 20 सेकंड में एक चक्कर पूरा करता है। 3 मिनट और 20 सेकंड चलने के बाद, उसके शुरुआती बिंदु से विस्थापन कितना होगा?

A. 11 m

B. 15.56 m

C. 0 m ✓

D. 22 m

**Q27** General Science

किसी तार का प्रतिरोध 10 Ω है। यदि इसे अपनी मूल लंबाई (आयतन स्थिर रहता है) का तीन गुना तक बढ़ाया जाता है, तो इसका नया प्रतिरोध _______ होगा।

A. 10 Ω

B. 3.33 Ω

C. 30 Ω

D. 90 Ω ✓

**Q28** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता मृदूतक का सर्वोत्तम वर्णन करती है?

A. परिपक्वता पर मृत, जिनमें मोटी द्वितीयक भित्ति होती है

B. पतली भित्ति वाली सजीव कोशिकाएं, जो युवा ऊतकों (young tissues) में विभाजन करने में सक्षम होती हैं ✓

C. सुरक्षात्मक कार्य करने वाली एकल परत में व्यवस्थित कोशिकाएं

D. दृढ़ कोशिकाएं जो मुड़ने का प्रतिरोध (withstand) कर सकती हैं

**Q29** General Science

अवतल दर्पण का मुख्य फोकस ___________।

A. दर्पण का वक्रता केंद्र होता है

B. दर्पण का ध्रुव होता है

C. वह बिंदु होता है जहां मुख्य अक्ष के समानांतर किरणें परावर्तन के बाद अभिसरित होती हैं ✓

D. दर्पण पर स्थित वह बिंदु होता है जहां सभी किरणें मिलती हैं

**Q30** General Science

फसल उत्पादन के लिए नियमित और नियंत्रित सिंचाई क्यों महत्वपूर्ण है?

A. यह जल के माध्यम से पोषक तत्व की आपूर्ति करके उर्वरक के उपयोग को कम करती है।

B. यह पौधों को कृत्रिम सिंचाई (artificial watering) पर निर्भर बनाती है।

C. यह मृदा की लवणता को बढ़ाती है और मूलों के वृद्धि को रोकती है।

D. यह वृद्धि के महत्वपूर्ण चरणों में इष्टतम जल आपूर्ति सुनिश्चित करती है। ✓

**Q31** General Science

नियत चाल से एक वृत्तीय पथ के अनुदिश दौड़ते हुए एक एथलीट की गति, त्वरित गति का एक उदाहरण है क्योंकि ___________।

A. एथलीट का द्रव्यमान स्थिर है

B. गति की दिशा निरंतर बदलती रहती है ✓

C. एक नियत बाह्य बल प्रयुक्त किया जाता है

D. एथलीट की चाल बढ़ रही है

**Q32** General Science

यदि किसी माध्यम में प्रकाश की चाल $2.25 \times 10^8$ m/s है, तो उसका अपवर्तनांक ________ होगा।

A. 1.50

B. 1.75

C. 0.75

D. 1.33 ✓

**Q33** General Science

किसी विलयन में धातु 'A' और धातु 'B' की अभिक्रिया के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है, जिसमें धातु 'A' द्वारा धातु 'B' को विस्थापित किया जाता है?

A. 'B' 'A' से अधिक अभिक्रिया है।

B. यह अभिक्रिया बिल्कुल भी नहीं हो सकती है।

C. 'A' और 'B' दोनों की अभिक्रियाशीलता समान है।

D. 'A' 'B' से अधिक अभिक्रियाशील है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q34** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक खाद्य संग्रहण हानि के लिए उत्तरदायी **नहीं** है?

A. कवक और जीवाणु

B. कृंतक

C. उच्च गुणवत्ता वाली पैकेजिंग ✓

D. अपर्याप्त आर्द्रता और तापमान

**Q35** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सक्रियता श्रेणी में नीचे आने वाली मर्करी और कॉपर जैसी धातुओं को उनके अयस्क से निष्कर्षित करने के लिए सामान्यतः उपयोग की जाती है?

A. कार्बन मोनोऑक्साइड गैस द्वारा विस्थापन

B. भर्जन ✓

C. गलित अयस्क का विद्युत्-अपघटन

D. एल्युमिनियम पाउडर के साथ अपचयन

**Q36** General Science

15 kg द्रव्यमान वाली एक वस्तु को ग्राउंड से 8 m ऊपर रखा गया है। वस्तु की स्थितिज ऊर्जा कितनी है? ($g = 9.8\ m/s^2$ का उपयोग कीजिए)

A. 784 J

B. 1500 J

C. 980 J

D. 1176 J ✓

**Q37** General Science

मेथेन की क्लोरीन के साथ प्रतिस्थापन अभिक्रिया के लिए कौन-सा प्रतिबंध आवश्यक है?

A. सूर्य का प्रकाश ✓

B. विद्युत धारा

C. ऊष्मा

D. अम्लीय माध्यम

**Q38** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पुष्पीय पादपों में निषेचन की प्रक्रिया में पराग नलिका निर्माण के कार्यात्मक लाभ को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है?

A. यह परागकण को उसमें संग्रहित पोषक को मुक्त करने में सहायता करता है ताकि बीजांड, बीज में विकसित हो सके।

B. यह सुनिश्चित करता है कि नर जनन कोशिका सीधे अंडाशय में स्थानांतरित हो जाए, जिससे पराग कणों की बर्बादी नहीं होती है। ✓

C. यह अंडाशय को संलयन के लिए परागकण की ओर अंडकोशिका को मुक्त करने में सक्षम बनाता है।

D. यह परागकण को वर्तिकाग्र से दृढ़ता से जुड़ने देता है, जिससे स्वपरागण दक्षतापूर्वक हो पाता है।

**Q39** General Science

यदि उत्पादक स्तर पर 5000 J ऊर्जा से खाद्य श्रृंखला प्रारंभ होती है, तो तृतीयक उपभोक्ता को कितनी ऊर्जा उपलब्ध होगी?

A. 500 J

B. 5 J ✓

C. 0.5 J

D. 50 J

**Q40** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान वृत्तीय गति का सर्वोत्तम उदाहरण है?

A. एक यो-यो की चाल बदलते हुए ऊर्ध्वाधर वृत्त में घुमाया जा रहा है

B. एक लूप पर एक रोलर कोस्टर

C. चंद्रमा, पृथ्वी के परितः वृत्तीय कक्षा में घूम रहा है ✓

D. एक वक्रित ट्रैक पर धीमी होती हुई रेसिंग कार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q41** Mathematics

एक नल किसी टंकी को 11 घंटे में भरता है। एक अन्य नल भरी हुई टंकी को 22 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी खाली हो और दोनों नल को एक साथ खोला जाए, तो टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

A. 23
B. 25
C. 24
D. 22 ✓

**Q42** Mathematics

₹20,000 की धनराशि पर 12% वार्षिक ब्याज (त्रैमासिक रूप से संयोजित) पर छह महीने में प्राप्त होने वाला मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

A. ₹21335
B. ₹21823
C. ₹21934
D. ₹21218 ✓

**Q43** Mathematics

एक राशि में पहले 12% की कमी की जाती है फिर 8% की कमी की जाती है। समग्र प्रतिशत कमी ज्ञात कीजिए।

A. 21.04%
B. 20.96%
C. 19.04% ✓
D. 18.96%

**Q44** Mathematics

एक व्यक्ति ₹42000 प्रति वस्तु की दर से दो वस्तुएँ बेचता है। उसे एक वस्तु पर 45% का लाभ होता है और दूसरी वस्तु पर 45% की हानि होती है। इस लेन-देन में उसका समग्र लाभ या हानि (निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।

A. ₹21329 का लाभ
B. ₹21429 का लाभ
C. ₹21329 की हानि ✓
D. ₹21429 की हानि

**Q45** Mathematics

एक यात्री शहर A से शहर B तक 48 km/h की चाल से जाता है और 60 km/h की चाल से वापस आता है। यदि पूरी यात्रा में लगा कुल समय 9 घंटे है, तो A और B के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

A. 250 km
B. 240 km ✓
C. 270 km
D. 260 km

**Q46** Mathematics

यदि 15 नोटबुक की कीमत ₹240 है, तो ₹992 में कितनी नोटबुक खरीदी जा सकती हैं?

A. 62 ✓
B. 60
C. 64
D. 66

**Q47** Mathematics

एक महाविद्यालय में कक्षा A में 25 विद्यार्थी और कक्षा B में 30 विद्यार्थी हैं। यदि कक्षा A में विद्यार्थियों की संख्या पहले वर्ष में 20% और दूसरे वर्ष में 10% बढ़ जाती है और कक्षा B में विद्यार्थियों की संख्या दो वर्षों में कुल 20% बढ़ जाती है, तो दो वर्षों में महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए। (अपना उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

A. 25.45% ✓
B. 25.85%
C. 20.85%
D. 20.45%

**Q48** Mathematics

कितनी राशि (₹ में) पर 6% वार्षिक दर से 3 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹720 प्राप्त होंगे?

A. 3500
B. 4200
C. 4400
D. 4000 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q49** Mathematics

$27^3 - 22^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 8923

B. 8823

C. 8888

D. 9035 ✓

**Q50** Mathematics

किस संख्या को 2, 3, 11 और 13 में से प्रत्येक में जोड़ने पर परिणामी संख्याएँ समानुपात में होंगी?

A. 6

B. 5

C. 4

D. 7 ✓

**Q51** Mathematics

किसी डेटा का माध्य 20 है और माध्यिका 30 है। आनुभविक संबंध का उपयोग करके डेटा का बहुलक ज्ञात कीजिए।

A. 131

B. 50 ✓

C. 110

D. 44

**Q52** Mathematics

एक डीलर दो वस्तुएँ X और Y, ₹700 प्रति वस्तु की दर से खरीदता है। वह दोनों वस्तुओं पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 60% और 20% की दो क्रमिक छूट देकर बेचता है और फिर भी ₹630 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह Y को 76% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

A. 42.5% ✓

B. 41.5%

C. 42%

D. 41%

**Q53** Mathematics

पाइप A एक टंकी को 12 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसे 15 घंटे में भर सकता है और आउटलेट C उसे 20 घंटे में खाली कर सकता है। A और B को एक साथ 5 घंटे के लिए खोला जाता है, और फिर C को भी खोल दिया जाता है। टंकी को भरने में लगने वाला कुल समय ज्ञात कीजिए।

A. 6.5 घंटे

B. 6 घंटे

C. 5.5 घंटे

D. 7.5 घंटे ✓

**Q54** Mathematics

यदि 8 पेन की कीमत ₹136 है, तो ऐसे 12 पेन की कीमत ज्ञात कीजिए।

A. ₹206

B. ₹202

C. ₹208

D. ₹204 ✓

**Q55** Mathematics

आयुषी और निधि की वर्तमान आयु का अंतर 26 वर्ष है। आज से पाँच वर्ष पहले, उनकी आयु का योग 30 वर्ष था। यदि आयुषी, निधि से बड़ी है, तो निधि की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 6

B. 7 ✓

C. 12

D. 10

**Q56** Mathematics

निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक क्या है?

47, 43, 50, 46, 46, 40, 54, 54, 40, 54, 42, 48, 44, 55, 52, 45, 41, 41

A. 54 ✓

B. 46

C. 41

D. 40

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q57** Mathematics

जूही और सुरभि की वर्तमान आयु का अंतर 24 वर्ष है। आज से पाँच वर्ष पहले, उनकी आयु का योग 66 वर्ष था। यदि जूही, सुरभि से बड़ी है, तो सुरभि की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 26 ✓
B. 18
C. 20
D. 33

**Q58** Mathematics

यदि किसी समबहुभुज का एक बाह्य कोण 40° है, तो बहुभुज के विकर्णों की संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 27 ✓
B. 35
C. 45
D. 40

**Q59** Mathematics

आरजू ₹55,000 की पूंजी से एक व्यवसाय शुरू करती है और 3 महीने बाद बिमला उसकी साझेदार के रूप में व्यवसाय से जुड़ जाती है। एक वर्ष बाद, लाभ को 8 : 9 के अनुपात में विभाजित किया जाता है। पूंजी में बिमला का योगदान कितना है?

A. ₹84,240
B. ₹82,355
C. ₹82,500 ✓
D. ₹84,080

**Q60** Mathematics

$$\frac{x-1}{\sqrt{x}}$$

A. $3\sqrt{2}$
B. $2\sqrt{2}$ ✓
C. $\sqrt{3}+\sqrt{2}$
D. $\sqrt{2}$

**Q61** Mathematics

$$\left(\frac{5}{6}+\frac{1}{3}\right)\div\left(\frac{2}{5}+0.3\right)\times 0.5+\frac{1}{2}-\frac{1}{6}$$

A. $\frac{7}{6}$
B. $\frac{1}{6}$
C. $\frac{5}{6}$
D. $\frac{3}{6}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q62** Mathematics

$\sqrt{225} + \sqrt{0.04} - \sqrt{4.84}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 13.53

B. 4.03

C. 13 ✓

D. 3.82

**Q63** Mathematics

किसी खोखले बेलनाकार पाइप की बाह्य त्रिज्या 7 cm, आंतरिक त्रिज्या 6 cm और ऊंचाई 20 cm है। पाइप का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (दोनों सिरे शामिल करते हुए) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

A. 1716 $cm^2$ ✓

B. 1670 $cm^2$

C. 1485 $cm^2$

D. 1600 $cm^2$

**Q64** Mathematics

21 cm त्रिज्या वाले अर्धवृत्त का परिमाप ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

A. 174 cm

B. 66 cm

C. 87 cm

D. 108 cm ✓

**Q65** Mathematics

$$\frac{2 - \sin^2\theta}{1 + \cos^2\theta} + (\operatorname{cosec}^2\theta + \sec^2\theta)$$

A. $\frac{29}{3}$

B. $\frac{11}{3}$

C. $\frac{19}{3}$ ✓

D. $\frac{17}{3}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q66** General Intelligence & Reasoning

दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6, 7, 11, 20, 36, 61, ?

A. 97 ✓
B. 110
C. 95
D. 105

**Q67** General Intelligence & Reasoning

सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। B ऊपर से तीसरे स्थान पर है। D और B के बीच केवल तीन बक्से रखे हैं। C, G के ठीक नीचे लेकिन F के ऊपर है। A, E के नीचे लेकिन B के ऊपर है। C और A के बीच कितने बक्से हैं?

A. तीन
B. चार
C. एक
D. दो ✓

**Q68** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. NPM
B. MOL
C. KHG ✓
D. GIF

**Q69** General Intelligence & Reasoning

किसी निश्चित कूट भाषा में, 'TYRE' को '8526' और 'BYTE' को '5986' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'B' का कूट क्या होगा?

A. 2
B. 9 ✓
C. 6
D. 8

**Q70** General Intelligence & Reasoning

DEARTHS शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार प्राप्त सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से चौथा होगा?

A. S
B. I ✓
C. E
D. F

**Q71** General Intelligence & Reasoning

सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। D के नीचे केवल दो बक्से रखे हैं। E और D के बीच केवल तीन बक्से रखे हैं। C को A के ऊपर लेकिन G के नीचे रखा गया है। B को F के ऊपर लेकिन A के नीचे रखा गया है। A के ठीक ऊपर कौन-सा बक्सा रखा है?

A. D
B. E
C. C ✓
D. G

**Q72** General Intelligence & Reasoning

PANDEMIC शब्द में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से तथा प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

A. C
B. B ✓
C. M
D. O

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q73** General Intelligence & Reasoning

A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के चारों ओर केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दायीं ओर से गिनने पर E और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D के बायीं ओर से गिनने पर F और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B के बायीं ओर से गिनने पर E और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, G के ठीक बायीं ओर बैठा है। F के दायीं ओर से गिनने पर A और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. 2

B. 4

C. 3

D. 1 ✓

**Q74** General Intelligence & Reasoning

उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KNG : MLF

GRN : IPM

A. KHR : MFP

B. BGM : DEK

C. JSN : LQM ✓

D. IGH : KDG

**Q75** General Intelligence & Reasoning

किसी निश्चित कूट भाषा में,

P + Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है'

P – Q का अर्थ है कि 'P, Q की पत्नी है'

P x Q का अर्थ है कि 'P, Q का भाई है'

P ÷ Q का अर्थ है कि 'P, Q का पुत्र है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'F – G x H ÷ I – J ÷ K' हो तो G का K से क्या संबंध है?

A. माता का भाई

B. पिता का भाई

C. माता के पिता

D. पुत्र का पुत्र ✓

**Q76** General Intelligence & Reasoning

E, R, U, T, Y, W और Q एक गोल मेज के परितः केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।

Q के दाईं ओर से गिनने पर T और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। U के दाईं ओर से गिनने पर W और U के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, W के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। U और Q दोनों का निकटतम पड़ोसी Y है।

R के बाईं ओर से गिनने पर R और U के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. 2

B. 1

C. 3 ✓

D. 4

**Q77** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. UX-XD ✓

B. DG-HK

C. SV-WZ

D. FI-JM

**Q78** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, EHLF का संबंध NQUO से है। उसी तरीके से, HKOI का संबंध QTXR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JMQK का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

A. VSTZ

B. VSZT

C. SVTZ

D. SVZT ✓

**Q79** General Intelligence & Reasoning

किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DUKE' को '8123' और 'DESK' को '2314' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'S' का कूट क्या होगा?

A. 2

B. 1

C. 4 ✓

D. 8

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q80** General Intelligence & Reasoning

यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

147 A 3 C 51 D 16 B 3 = ?

A. 54
B. 59
C. 52 ✓
D. 50

**Q81** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A − B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'S ÷ E + W × T − N' हो, तो S का N से क्या संबंध है?

A. भाई की पत्नी का भाई
B. पत्नी के पिता
C. भाई की पत्नी के पिता ✓
D. भाई के पिता

**Q82** General Intelligence & Reasoning

दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

47 54 63 70 79 ?

A. 86 ✓
B. 84
C. 83
D. 88

**Q83** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) D J L O E A H O A F A G E B G A N R S H X (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और उसके ठीक बाद एक स्वर भी आता है?

A. एक
B. तीन
C. एक भी नहीं
D. दो ✓

**Q84** General Intelligence & Reasoning

G, Y की माता है। Y, V की बहन है। S, L का पिता है। L, V का पति है। G का L से क्या संबंध है?

A. बहन
B. पत्नी की बहन
C. पत्नी की माता ✓
D. माता

**Q85** General Intelligence & Reasoning

अनु बिंदु A से शुरू करते हुए, उत्तर की ओर 3 km ड्राइव करता है। वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर बाद वह दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, और 2 km ड्राइव करते हुए बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

A. 2 km, पूर्व की ओर ✓
B. 4 km, पश्चिम की ओर
C. 6 km, पूर्व की ओर
D. 8 km, उत्तर की ओर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q86** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए प्रश्न का उत्तर दें। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।)
(बाएं) 7 9 2 6 1 2 6 4 8 2 7 5 9 8 6 5 4 2 1 3 (दाएं)
ऐसी कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग और ठीक बाद में एक सम अंक है? (नोट: 1 भी पूर्ण वर्ग है)

A. तीन
B. दो
C. पांच ✓
D. चार

**Q87** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह यूग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. QR - MP ✓
B. DI - AF
C. XB - UY
D. KO - HL

**Q88** General Intelligence & Reasoning

यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 – 96 × 12 ÷ 4 + 32 = ?

A. 42
B. 46
C. 43
D. 48 ✓

**Q89** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. DK - FM
B. HO - JQ
C. KU - MT ✓
D. OV - QX

**Q90** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, VRHM का संबंध XTJO से है। उसी तरीके से, DZPU का संबंध FBRW से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JVFA का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

A. LKIO
B. LCFD
C. LXCD
D. LXHC ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q91** General Awareness

कौन-सी विशिष्टता, मुख्य रूप से संरक्षण और प्रबंधन उद्देश्यों के अनुसार भारत में किसी राष्ट्रीय उद्यान से किसी बायोस्फीयर रिजर्व को अलग करती है?

A. बायोस्फीयर रिजर्व (BRs) विशेष रूप से वन्य प्राणियों के संरक्षण पर केंद्रित होते हैं।

B. बायोस्फीयर रिजर्व (BRs) अभिहित बफर और संक्रमण क्षेत्रों में अनुसंधान, पर्यटन और स्थानीय आजीविका की सुविधा प्रदान करते हैं। ✓

C. बायोस्फीयर रिजर्व (BRs), राष्ट्रीय उद्यानों की तुलना में छोटे भौगोलिक क्षेत्र में विस्तृत होते हैं।

D. बायोस्फीयर रिजर्व (BRs) का उद्देश्य जैविक विविधता का संरक्षण करना नहीं होता है।

**Q92** General Awareness

अप्रैल 2025 में DRDO द्वारा परीक्षण किए गए व्हीकल-माउंटेड लेजर DEW MK-II(A) का मुख्य उद्देश्य क्या था?

A. अंतरिक्ष संचार (Space communication)

B. ड्रोन निष्क्रियीकरण (Drone neutralization) ✓

C. एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा (Anti-ballistic missile defense)

D. उपग्रह प्रक्षेपण (Satellite launching)

**Q93** General Awareness

निम्नलिखित में से किस निजी भारतीय कंपनी ने हाल ही में भारत में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने की मंजूरी प्राप्त करने वाली पहली कंपनी बनकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है?

A. टाटा कम्युनिकेशन (Tata Communications)

B. स्पेसएक्स (SpaceX)

C. अनंत टेक्नोलॉजीज़ (Ananth Technologies) ✓

D. रिलायंस जियो (Reliance Jio)

**Q94** General Awareness

भारतीय संविधान में सभी के लिए 'एकल नागरिकता' का प्रावधान, निम्नलिखित में से किस देश के संविधान से अपनाया गया है?

A. अमेरिकी संविधान

B. ब्रिटिश संविधान ✓

C. कनाडा का संविधान

D. ऑस्ट्रेलियाई संविधान

**Q95** General Awareness

केशव चंद्र सेन भारत में निम्नलिखित में से किस सुधार आंदोलन के प्रमुख नेता थे?

A. ब्रह्म समाज ✓

B. प्रार्थना समाज

C. आर्य समाज

D. रामकृष्ण मिशन

**Q96** General Awareness

भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संविधान में संशोधन करने के लिए संसद के तंत्र और शक्ति का प्रावधान करता है?

A. अनुच्छेद 362

B. अनुच्छेद 356

C. अनुच्छेद 368 ✓

D. अनुच्छेद 372

**Q97** General Awareness

पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद मई 2025 में भारत सरकार ने कौन-सा प्रमुख ऑपरेशन लाँच किया?

A. ऑपरेशन सिंदूर ✓

B. ऑपरेशन ट्राइडेंट

C. ऑपरेशन विजय

D. ऑपरेशन शक्ति

**Q98** General Awareness

उच्चतम न्यायालय ने नवंबर 2025 में कर्नाटक की मेकेदातु परियोजना (Mekedatu project) को रोकने के लिए किस राज्य की याचिका को खारिज कर दिया है?

A. महाराष्ट्र

B. तमिलनाडु ✓

C. आंध्र प्रदेश

D. गोवा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q99** General Awareness

द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-61) को रणनीतिक रूप से भारत की दीर्घकालिक वृद्धि को गति देने के लिए निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को प्राथमिकता देकर तैयार किया गया था?

A. ग्राम स्तर पर कारीगरों का विकास

B. अक्षय ऊर्जा का विस्तार

C. सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना

D. भारी उद्योग ✓

**Q100** General Awareness

निम्नलिखित को सुम्मेलित करें।

**व्यक्ति वाद्य यंत्र**

a. अमीर अली खान i. सितार

b. अनुष्का शंकर ii. घटम

c. टी. एच. विनायकराम iii. सरोद

d. बिस्मिल्लाह खान iv. शहनाई

A. a-ii; b-iv; c-i; d-iii

B. a-iv; b-ii; c-iii; d-i

C. a-ii; b-iii; c-i; d-iv

D. a-iii; b-i; c-ii; d-iv ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन-I:** अधिकांश कार्बन यौगिक विद्युत के दुर्बल चालक होते हैं।
**कथन-II:** आयनिक यौगिकों की तुलना में कार्बन यौगिकों का गलनांक और क्वथनांक निम्न होता है।

A. दोनों कथन सत्य हैं। ✓

B. कथन-I असत्य है, लेकिन कथन-II सत्य है।

C. दोनों कथन असत्य हैं।

D. कथन-I सत्य है, लेकिन कथन-II असत्य है।

**Q2** General Science

जाइलम और फ्लोएम को "जटिल स्थायी ऊतक (complex permanent tissues)" क्यों कहा जाता है?

A. इनका कार्य अस्थायी होता है और वृद्धि के बाद ये विलुप्त हो जाती हैं

B. इनमें परिवहन के लिए एक साथ कार्य करने वाली विभिन्न प्रकार की कोशिकाएं होती हैं ✓

C. इनमें एक ही कार्य करने के लिए केवल एक ही प्रकार की कोशिका होती है

D. इनकी कोशिकाएं विभाजित होकर नए ऊतक का निर्माण कर सकती हैं

**Q3** General Science

यदि किसी चालक के सिरों के बीच विभवांतर 1 V है तथा उसमें से 1 A की धारा प्रवाहित होती है, तो चालक का प्रतिरोध कितना होगा?

A. 1 Ω

B. 0.5 Ω

C. 10 Ω ✓

D. 2 Ω

**Q4** General Science

किसी तत्व के अणुओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. किसी तत्व के अणु में हमेशा दो या दो से अधिक भिन्न प्रकार के परमाणु होते हैं।

B. सभी तत्व अपनी प्राकृतिक अवस्था में एकपरमाण्विक अणु के रूप में मौजूद होते हैं।

C. किसी तत्व के अणु में केवल एक ही प्रकार के परमाणु आपस में आबंधित होते हैं। ✓

D. तत्व अणु नहीं बनाते, केवल यौगिक अणु बनाते हैं।

**Q5** General Science

सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल की उपस्थिति में एथेनॉल (Ethanol) और एथेनॉइक (ethanoic) अम्ल अभिक्रिया करके एक सुगंधित यौगिक बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, अभिक्रिया के प्रकार और सांद्र $H_2SO_4$ की भूमिका को सही प्रकार से निरूपित करता है?

A. यह एक ऑक्सीकरण अभिक्रिया है; H2SO4 ऑक्सीकारक के रूप में कार्य करता है।

B. यह एक प्रतिस्थापन अभिक्रिया है; H2SO4 निर्जलीकारक के रूप में कार्य करके जल के अणुओं को हटाता है।

C. यह एक उदासीनीकरण अभिक्रिया है; H2SO4 अम्ल के रूप में कार्य करके क्षार को उदासीन करता है।

D. यह एक एस्टरीकरण अभिक्रिया है; H2SO4 उत्प्रेरक और निर्जलीकारक के रूप में कार्य करता है। ✓

**Q6** General Science

विरामवस्था से चलना प्रारंभ करने वाली एक रेलगाड़ी 10 मिनट में 40 km/h की चाल प्राप्त कर लेती है। इसका अंतिम वेग (m/s में) कितना होगा?

A. 6.67 m/s

B. 400 m/s

C. 4 m/s

D. 11.11 m/s ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q7** General Science

यदि A, B को विस्थापित करता है और C, A को विस्थापित करता है, तो अभिक्रियाशीलता का क्रम __________ है।

A. C > A > B ✓

B. A > B > C

C. C > B > A

D. B > A > C

**Q8** General Science

M कोश में अधिकतम ____ इलेक्ट्रॉन हो सकते हैं, लेकिन Ca में ______ इलेक्ट्रॉन होते हैं। [Ca का परमाणु क्रमांक = 20]

A. 18, 10

B. 8, 10

C. 8, 8

D. 18, 8 ✓

**Q9** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है, कि अनॉक्सीय श्वसन में ऑक्सीश्वसन की तुलना में कम ऊर्जा क्यों मुक्त होती है?

A. यह ग्लूकोज को आंशिक रूप से विखंडित करता है। ✓

B. यह ऑक्सीश्वसन की तुलना में मंद गति से होता है।

C. इसमें एंजाइमों की आवश्यकता नहीं होती है।

D. यह कम ग्लूकोज का उपयोग करता है।

**Q10** General Science

यदि 420 N वजन वाली एक लड़की 6 m की ऊंचाई तक रस्सी पर चढ़ती है तथा उसे ऐसा करने में 20 सेकंड लगते हैं, तो उसका शक्ति आउटपुट (power output) ज्ञात कीजिए।

A. 155 W

B. 126 W ✓

C. 105 W

D. 90 W

**Q11** General Science

फ्लेमिंग के वामहस्त नियम में, कौन-सी अंगुली चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को निरूपित करती है?

A. कनिष्ठिका (Little finger)

B. तर्जनी [First (index) finger] ✓

C. अंगूठा (Thumb)

D. मध्यमा (Middle finger)

**Q12** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी गति, अरेखित और अनैच्छिक चिकनी पेशी ऊतक द्वारा नियंत्रित होती है?

A. हृदय का लयबद्ध संकुचन

B. चलने के लिए पैरों की गति

C. हाथ को लहराना

D. आहार नाल में भोजन की गति ✓

**Q13** General Science

जब श्वेत प्रकाश का किरणपुंज कांच के प्रिज्म पर आपतित होता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(i) श्वेत प्रकाश विक्षेपित होता है।
(ii) जब प्रकाश वायु से प्रिज्म में प्रवेश करता है तो उसकी चाल नियत बनी रहती है।
(iii) जब प्रकाश वायु से प्रिज्म में प्रवेश करता है तो उसकी चाल घट जाती है।

A. केवल (i)

B. केवल (ii)

C. (ii) और (iii) दोनों

D. (i) और (iii) दोनों ✓

**Q14** General Science

खाद्य श्रृंखलाएं सामान्यतः चार पोषण स्तरों से आगे क्यों नहीं बढ़ती हैं?

A. क्योंकि अपघटकों की संख्या उपभोक्ताओं से अधिक होती है।

B. क्योंकि मांसाहारी केवल उत्पादकों को ही खाते हैं।

C. क्योंकि उत्पादकों की संख्या सीमित होती है।

D. क्योंकि प्रत्येक स्तर पर ऊर्जा की अधिक हानि होती है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q15** General Science

एक परिनालिका के भीतर उत्पन्न प्रबल चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग कुंडली के भीतर रखे गए मृदु लोहे (soft iron) के टुकड़े को चुंबकित करने के लिए किया जा सकता है। परिणामी चुंबक को क्या कहा जाता है?

A. स्थायी चुंबक
B. प्राकृतिक चुंबक
C. टॉरॉइड
D. विद्युत चुंबक ✓

**Q16** General Science

अत्यधिक ऊंचाई पर उड़ने वाले यात्रियों को आकाश काला क्यों दिखाई देता है?

A. प्रकाश का पथ प्रकीर्णित होकर सूर्य की ओर हो जाता है।
B. इस ऊंचाई पर वायु के अणु समस्त नीले प्रकाश को अवशोषित कर लेते हैं।
C. इस ऊंचाई पर प्रकाश का प्रकीर्णन पर्याप्त रूप में नहीं होता है। ✓
D. वे वायुमंडल के ऊपर होते हैं।

**Q17** General Science

यदि पृथ्वी की त्रिज्या दोगुनी हो जाए और द्रव्यमान अपरिवर्तीत रहे, तो g का नया मान, मूल मान का __________ होगा।

A. 2 गुना
B. आधा
C. 4 गुना
D. एक-चौथाई ✓

**Q18** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, द्रव्यमान और भार के बीच अंतर का सही वर्णन करता है?

A. भार और द्रव्यमान दोनों ही हर जगह नियत रहते हैं।
B. द्रव्यमान और भार दोनों ही स्थान के साथ बदलते हैं।
C. द्रव्यमान एक ग्रह से दूसरे ग्रह पर बदलता है, लेकिन भार एक समान रहता है।
D. द्रव्यमान हर जगह एक समान रहता है, लेकिन भार स्थान के साथ बदलता है। ✓

**Q19** General Science

निम्नलिखित में से कौन-से, आयनिक यौगिकों के गुणधर्म हैं?

A. उच्च गलनांक
B. अध्रुवीय विलायकों में विलेय
C. ठोस अवस्था में विद्युत चालक
D. प्रकृति में भंगुर

A. केवल (A) और (B)
B. केवल (C) और (B)
C. केवल (C) और (D)
D. केवल (A) और (D) ✓

**Q20** General Science

रेशमा 120 m लंबे पूल में तैरकर आगे जाती है और वापस आती है तथा 1 मिनट में कुल 240 m की दूरी तय करती है। उसका औसत वेग ज्ञात कीजिए।

A. 0 m/s ✓
B. 5 m/s
C. 2 m/s
D. 4 m/s

**Q21** General Science

किसी खोदे हुए कुएं में, जल _______ से एकत्रित होता है।

A. जलवाही स्तर (Water-bearing strata) ✓
B. प्रतिवेशी स्तर (Neighbouring strata)
C. अप्रवेश्य स्तर (Impervious strata)
D. गभीर स्तर (Deep strata)

**Q22** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, एक ही तत्व को निरूपित करता है?

A. समान द्रव्यमान संख्या, भिन्न परमाणु संख्या
B. न्यूट्रॉन की समान संख्या, भिन्न परमाणु संख्या ✓
C. समान परमाणु संख्या, भिन्न द्रव्यमान संख्या
D. प्रोटॉन की भिन्न संख्या, न्यूट्रॉन की समान संख्या

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

**Q23** General Science

सोने की पन्नी (स्वर्ण पत्र) से सीधे गुजरने वाले अल्फा कण क्या दर्शाते हैं?

A. नाभिक ऋणावेशित है।

B. परमाणु पर धनात्मक आवेश है।

C. परमाणु में अधिकांशतः खाली स्थान है। ✓

D. नाभिक विशाल है।

**Q24** General Science

पादप कोशिका का कौन-सा भाग उसे अक्षुण्ण (intact) रहने में सहायता करता है तथा अल्पपरासारी वातावरण में प्रस्फोटन से बचाता है?

A. कोशिका झिल्ली (Cell membrane)

B. रसधानी (Vacuole)

C. कोशिकाद्रव्य (Cytoplasm)

D. सेल्यूलोज से बनी कोशिका भित्ति (Cell wall made of cellulose) ✓

**Q25** General Science

एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 2 kHz और तरंगदैर्ध्य 45 cm है। 1.8 km की दूरी तय करने में इसे कितना समय लगेगा?

A. 1 सेकंड

B. 2 सेकंड ✓

C. 0.5 सेकंड

D. 4 सेकंड

**Q26** General Science

फसल सुधार कार्यक्रमों में संकरण (hybridisation) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. फसल पादपों में प्राकृतिक उत्परिवर्तन दर में वृद्धि करना

B. क्लोनन के माध्यम से आनुवंशिक रूप से समान पादपों का उत्पादन करना

C. उर्वरकों या सिंचाई का उपयोग किए बिना फसलें उगाना

D. आनुवंशिक रूप से भिन्न पादपों की क्रॉसिंग करके वांछनीय लक्षणों का संयोजन करना ✓

**Q27** General Science

सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण नियतांक का SI मात्रक क्या है?

A. Nm2kg-2 ✓

B. Nm-2kg2

C. Nm2kg-1

D. Nm-2kg-1

**Q28** General Science

अमोनियम सल्फेट $(NH_4)_2SO_4$ का सूत्र इकाई द्रव्यमान क्या है?

A. 114 u

B. 132 u ✓

C. 98 u

D. 146 u

**Q29** General Science

न्यूरॉन में तंत्रिकाक्ष (axon) का प्राथमिक कार्य क्या है?

A. न्यूरोट्रांसमीटर्स (neurotransmitters) को बाद में उपयोग के लिए संग्रहित करना

B. कोशिका काय को पोषकों की आपूर्ति करना

C. न्यूरॉन को संरचनात्मक सपोर्ट प्रदान करना

D. विद्युत आवेगों को अन्य न्यूरॉन्स या लक्षित अंगों में संचारित करना ✓

**Q30** General Science

जब कोई अम्ल किसी धातु हाइड्रोजन कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो क्या निर्मित होता है?

A. लवण, कार्बन डाइऑक्साइड और जल ✓

B. लवण, हाइड्रोजन गैस और जल

C. लवण, अमोनिया और जल

D. लवण, ऑक्सीजन और जल

**Q31** General Science

स्कूल की कैंटीन में विद्यार्थियों ने देखा कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्लास्टिक के कप और प्लेटें फेंकी जाती हैं। इस समस्या के समाधान के लिए, उन्होंने स्टील की प्लेटों और पुन: उपयोग योग्य पानी की बोतलों का उपयोग करने का सुझाव दिया। यह कदम मुख्य रूप से ________ को बढ़ावा देता है।

A. बेहतर पैकेजिंग डिज़ाइन

B. तेजी से कचरा संग्रहण

C. अपशिष्ट को कम करने और उसका पुनः उपयोग करने ✓

D. अधिक प्लास्टिक रीसाइक्लिंग

**Q32** General Science

पुष्प के मादा जनन भाग को किस नाम से जाना जाता है?

A. पुंकेसर (stamens)

B. दल (petals)

C. बाह्यदल (sepals)

D. स्त्रीकेसर (pistil) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q33** General Science

दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कौन-से कथन सही हैं?

**कथन-I:** कुछ पदार्थ ऐसे होते हैं, जिनकी गंध अम्लीय या क्षारीय माध्यम में बदल जाती है। इन्हें घ्राण सूचक कहते हैं।
**कथन-II:** वेनिला निष्कर्ष और प्याज का घ्राण सूचक के रूप में उपयोग किया जा सकता है।

A. कथन I और II दोनों सत्य हैं। ✓

B. कथन-I सत्य है, लेकिन कथन-II असत्य है।

C. कथन I और II दोनों असत्य हैं।

D. कथन-I असत्य है, लेकिन कथन-II सत्य है।

**Q34** General Science

परिपक्व पादप कोशिकाओं में वृहत केंद्रीय रिक्तिका की प्रमुख भूमिका निम्नलिखित में से कौन-सी है?

A. निर्यात के लिए प्रोटीन का संश्लेषण करना

B. ऊर्जा उत्पादन के लिए कोशिकीय श्वसन करना

C. कोशिका रस को संग्रहीत करना और स्फीति दाब बनाए रखने में मदद करना ✓

D. कोशिका विभाजन और आनुवंशिकता को नियंत्रित करना

**Q35** General Science

दो बीकरों में अलग-अलग सांद्रता वाले चीनी के विलयन हैं। एक अर्धपारगम्य झिल्ली उन्हें पृथक करती है। कुछ समय बाद, एक बीकर में विलयन का स्तर बढ़ जाता है जबकि दूसरे में यह घट जाता है। यह प्रयोग विलयनों के किस गुणधर्म को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है, और क्यों?

A. अवसादन – क्योंकि गुरुत्वाकर्षण के कारण चीनी के क्रिस्टल तल पर बैठ जाते हैं।

B. वाष्पन – क्योंकि जल के अणु विलयन की सतह से पलायन करते हैं जिससे स्तर में अंतर होता है।

C. विसरण – क्योंकि चीनी के अणु झिल्ली के आर-पार तब तक स्वतंत्र रूप से गति करते हैं जब तक संतुलन स्थापित नहीं हो जाता।

D. परासरण – क्योंकि विलायक के अणु अर्धपारगम्य झिल्ली के माध्यम से तनु विलयन से सांद्र विलयन की ओर गति करते हैं। ✓

**Q36** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा अवलोकन, सर्वोत्तम रूप से पुष्टि करता है कि एक उदासीनीकरण अभिक्रिया हुई है?

A. विलयन के तापमान में भारी कमी हो जाती है।

B. विलयन का pH 7 के निकट हो जाता है। ✓

C. विलयन नीले से लाल में परिवर्तित हो जाता है।

D. एक तीखी गंध वाली गैस विकसित होती है।

**Q37** General Science

उपकला (Epithelial) ऊतक मुख्यत: कौन-सा कार्य करता है?

A. समन्वय

B. पेशी संकुचन

C. स्राव और रक्षण ✓

D. सहारा प्रदान करना

**Q38** General Science

10 kg द्रव्यमान वाले किसी पिंड को 10 m/s के वेग के साथ ऊर्ध्वाधर दिशा में ऊपर की ओर फेंका जाता है। जब वह अधिकतम ऊँचाई तक पहुँच जाएगा तो उस पिंड की स्थितिज ऊर्जा कितनी होगी? ($g = 10\ m/s^2$ लीजिए)

A. 250 J

B. 2.5 J

C. 500 J ✓

D. 25 J

**Q39** General Science

संभोग के दौरान कंडोम का उपयोग करने की सलाह क्यों दी जाती है?

A. पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रजनन क्षमता बढ़ाने के लिए कंडोम का उपयोग किया जाता है।

B. कंडोम गर्भावस्था और संक्रमण के जोखिम को पूर्णतः समाप्त कर देते हैं।

C. कंडोम यौन संचारित रोगों के प्रसार को कुछ हद तक रोकने में सहायता करते हैं। ✓

D. जनसंख्या संतुलन बनाए रखने के लिए कंडोम का उपयोग कानूनी रूप से अनिवार्य है।

**Q40** General Science

2.0 cm लंबे एक बिंब को 15 cm फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस से 20 cm की दूरी पर रखा गया है। लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन कितना है?

A. -3 ✓

B. +3

C. - 1

D. +1

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q41** Mathematics

यदि दो संख्याओं का गुणनफल 98,304 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 128 है, तो उन संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

A. 766
B. 789
C. 768 ✓
D. 786

**Q42** Mathematics

किसी आयताकार पार्क के विकर्ण की लंबाई 25 मीटर है और उसकी एक भुजा की लंबाई 15 मीटर है। पार्क का परिमाप ज्ञात कीजिए।

A. 50 मीटर
B. 60 मीटर
C. 70 मीटर ✓
D. 40 मीटर

**Q43** Mathematics

एक व्यापारी मसाले को 15% के लाभ पर बेचने का दावा करता है, लेकिन बेईमानी से बांट पर लिखे वजन से 14% कम वजन का उपयोग करता है। व्यापारी द्वारा अर्जित कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए)

A. 34% ✓
B. 36%
C. 39%
D. 31%

**Q44** Mathematics

निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक क्या है?

43, 44, 43, 53, 42, 44, 46, 47, 55, 50, 52, 55, 40, 45, 44, 53, 48, 48

A. 55
B. 44 ✓
C. 53
D. 43

**Q45** Mathematics

निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 6 और 9 दोनों से विभाज्य **नहीं** है?

A. 54
B. 45 ✓
C. 90
D. 72

**Q46** Mathematics

मिस्टर जॉन अपनी मासिक आय का 20% भोजन पर तथा 20% बच्चों की शिक्षा पर खर्च करते हैं। शेष आय का 40% वे खरीदारी और परिवहन पर मिलाकर खर्च करते हैं और बाकी का 20% चिकित्सा व्ययों पर खर्च करते हैं। यदि इन सभी व्ययों के बाद उनके पास ₹23,040 बचते हैं, तो उनकी मासिक आय ज्ञात कीजिए।

A. ₹80,000 ✓
B. ₹86,000
C. ₹92,000
D. ₹96,000

**Q47** Mathematics

यदि a + b + c = 13 और ab + bc + ca = 4 है, तो ab(a + b) + bc(b + c) + ca(c + a) + 3abc का मान कितना होगा?

A. 9
B. 52 ✓
C. 38
D. 17

**Q48** Mathematics

यदि 2x, 3x और 12 का चतुर्थानुपाती y है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

A. 24
B. 16
C. 18 ✓
D. 20

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q49** Mathematics

किन्हीं आकड़ों का माध्य 47 है और उनकी माध्यिका 61 है। आकड़ों का बहुलक (आनुभविक संबंध का उपयोग करते हुए) ज्ञात कीजिए।

A. 148
B. 89 ✓
C. 111
D. 23

**Q50** Mathematics

किसी समलंब की दो समांतर भुजाओं के बीच का अंतर 9 cm है। उनके बीच की लंबवत दूरी 52 cm है। यदि समलंब का क्षेत्रफल 988 $cm^2$ है, तो समांतर भुजाओं की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

A. 23.5, 14.5 ✓
B. 18.5, 12.5
C. 29.5, 20.5
D. 35.5, 20.5

**Q51** Mathematics

किसी संख्या के एक-तिहाई में 25 जोड़ने पर 100 प्राप्त होता है। मूल संख्या के अंकों का योग ज्ञात कीजिए।

A. 12
B. 7
C. 10
D. 9 ✓

**Q52** Mathematics

कितनी राशि (₹ में) पर 8% वार्षिक दर से 3 वर्षों में साधारण ब्याज के रूप में ₹720 प्राप्त होंगे?

A. 3400
B. 2500
C. 3000 ✓
D. 3200

**Q53** Mathematics

यदि 9A7B, 55 से विभाज्य है, तो A + B का मान ज्ञात कीजिए।

A. 16
B. 5 ✓
C. 11
D. 7

**Q54** Mathematics

ललित अपने खाते में ₹42,000 जमा करता है जहां 20% वार्षिक दर से ब्याज प्राप्त होता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। एक वर्ष के बाद उसके खाते में कुल राशि की गणना कीजिए।

A. ₹50,680
B. ₹50,650
C. ₹50,880
D. ₹50,820 ✓

**Q55** Mathematics

आयुषी और निधि की वर्तमान आयु में अंतर 21 वर्ष है। वर्तमान से पांच वर्ष पहले, उनकी आयु का योगफल 83 वर्ष था। यदि आयुषी, निधि से बड़ी है, तो निधि की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 38
B. 31
C. 36 ✓
D. 33

**Q56** Mathematics

180 मीटर लंबी एक ट्रेन एक खंभे को 12 सेकंड में पार करती है। 120 मीटर लंबी एक दूसरी ट्रेन पहली ट्रेन के समान दिशा में यात्रा करते हुए उसे 15 सेकंड में पार करती है। दूसरी ट्रेन की चाल ज्ञात कीजिए।

A. 110 km/h
B. 126 km/h ✓
C. 115 km/h
D. 120 km/h

**Q57** Mathematics

तीन पाइप X, Y और Z एक टैंक को क्रमशः 12, 15 और 20 घंटे में भर सकते हैं। तीनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं, लेकिन पाइप Z को टैंक के पूरी तरह भरने से 3 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। टैंक कितने घंटे में भरेगा?

A. 6 घंटे 45 मिनट
B. 6 घंटे 15 मिनट
C. 5 घंटे 45 मिनट ✓
D. 5 घंटे 15 मिनट

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q58** Mathematics

एक डीलर दो वस्तुएँ X और Y, ₹800 प्रति वस्तु की दर से खरीदता है। वह दोनों पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 73% और 37% की दो क्रमिक छूट देकर बेचता है और फिर भी ₹901 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह Y को 89% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

A. 37.5% ✓

B. 37%

C. 36%

D. 36.5%

**Q59** Mathematics

एक पिता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का योग 60 वर्ष है। वर्तमान से पांच वर्ष पूर्व, उनकी आयु के संख्यात्मक मानों का गुणनफल 525 था। पिता की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

A. 45

B. 55

C. 40 ✓

D. 50

**Q60** Mathematics

एक पाइप किसी टंकी को 14 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 63 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइप को खाली टंकी में एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का एक-तिहाई भाग भरने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

A. 6 ✓

B. 18

C. 12

D. 24

**Q61** Mathematics

किसी संख्या को 110% बढ़ाने पर 3570 प्राप्त होता है। वह संख्या कितनी है?

A. 3400

B. 5100

C. 1700 ✓

D. 850

**Q62** Mathematics

$$\frac{2-\sin^2\theta}{1+\cos^2\theta}+\operatorname{cosec}^2\theta-\sec^2\theta$$

A. $-\frac{2}{3}$

B. $-\frac{5}{3}$

C. $\frac{5}{3}$ ✓

D. $\frac{2}{3}$

**Q63** Mathematics

900 $m^2$ क्षेत्रफल वाले किसी समबाहु त्रिभुज का परिमाप ज्ञात कीजिए।

A. $60\sqrt[4]{21}$ m

B. $60\sqrt[4]{81}$ m

C. $60\sqrt[4]{27}$ m ✓

D. $60\sqrt[3]{27}$ m

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q64** Mathematics

$[\{76 \times (24 \div 3) + 2 \times 18\} \div 644] \times \frac{20}{2}$ को सरल कीजिए।

A. 4

B. 16

C. 10 ✓

D. 20

**Q65** Mathematics

$$\frac{(120-12) \div (24 \div 2) - 12 + 7}{5 \times 12 \div 10 - (6 \times 4) \div 12}$$

A. $\frac{2}{3}$ ✓

B. $\frac{3}{2}$

C. $-1$

D. $1$

## General Intelligence & Reasoning

25 Questions • Answer Key

**Q66** General Intelligence & Reasoning

दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

5 20 80 320 1280 ?

A. 5128

B. 5130

C. 5120

D. 5134 ✓

**Q67** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'A + B @ H # K ÷ T' हो, तो A का T से क्या संबंध है?

A. पत्नी की माता

B. पत्नी की माता की माता

C. पत्नी की बहन

D. पत्नी की माता की बहन ✓

**Q68** General Intelligence & Reasoning

संजय बिंदु Y से चलना शुरू करता है और पश्चिम दिशा में 32 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़कर 51 km चलता है, दाएं मुड़कर 66 km चलता है। इसके बाद वह दाएं मुड़कर 14 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़कर 45 km चलता है। इसके बाद वह बाएं मुड़कर 37 km चलता है और बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

A. पूर्व की ओर 53 km ✓

B. पश्चिम की ओर 51 km

C. पूर्व की ओर 49 km

D. उत्तर की ओर 55 km

**Q69** General Intelligence & Reasoning

FG 151 का संबंध एक निश्चित तरीके से EH 101 से है। उसी प्रकार, MN 262 का संबंध LO 212 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UV 379 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

A. TW 329 ✓

B. SX 339

C. TX 329

D. SW 349

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q70** General Intelligence & Reasoning

चंदन, बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है, और 8 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है, और 13 km ड्राइव करता है। इसके बाद, वह फिर बाएँ मुड़ता है, और 13 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएँ मुड़ता है, और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए?

(जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

A. 3 km, पूर्व की ओर

B. 5 km, उत्तर की ओर ✓

C. 5 km, दक्षिण की ओर

D. 3 km, पश्चिम की ओर

**Q71** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. JMK

B. DGE

C. GFT ✓

D. PSQ

**Q72** General Intelligence & Reasoning

वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. MJK ✓

B. DZA

C. EAB

D. CYZ

**Q73** General Intelligence & Reasoning

LARKISH शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से तथा प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

A. 3

B. 1 ✓

C. एक भी नहीं

D. 2

**Q74** General Intelligence & Reasoning

दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

13 26 52 104 208 ?

A. 415

B. 417

C. 416 ✓

D. 414

**Q75** General Intelligence & Reasoning

छह मित्र D, E, F, G, J और K एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, F के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। F, D के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। F और G के बीच केवल J बैठा है। K, E का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के दाएं से गिनने पर K और G के बीच कितने लोग बैठे हैं?

A. दो ✓

B. तीन

C. एक भी नहीं

D. एक

**Q76** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।)
(बाएं) 7 3 2 5 1 4 6 8 3 4 9 7 5 4 2 6 1 7 9 (दाएं)
ऐसे कितने अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और उसके ठीक बाद एक विषम अंक है?

A. चार

B. तीन

C. दो

D. पाँच ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q77** General Intelligence & Reasoning

यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

4 B 5 D 20 A 2 C 17 = ? D 3

A. 30 ✓

B. 35

C. 20

D. 50

**Q78** General Intelligence & Reasoning

यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

5 B 2 D 10 A 2 C 12 = ? D 3

A. 20 ✓

B. 12

C. 30

D. 15

**Q79** General Intelligence & Reasoning

सनी बिंदु A से शुरू करते हुए, उत्तर की ओर 5 km ड्राइव करता है। वह बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है, और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

A. 3 km, उत्तर की ओर

B. 2 km, पश्चिम की ओर ✓

C. 1 km, पूर्व की ओर

D. 4 km, दक्षिण की ओर

**Q80** General Intelligence & Reasoning

E, R, U, T, Y, W और Q एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।

U, Q के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। W, R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। T और W दोनों का निकटतम पड़ोसी Q है। E, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है।

Y के दाईं ओर से गिनने पर W और Y के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. 1

B. 4

C. 2 ✓

D. 3

**Q81** General Intelligence & Reasoning

नीचे दिए गए दो युग्मों के समूह के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

GDA-WTQ

URO-KHE

A. AWS-PMJ

B. AWS-QNK

C. AXU-PNJ

D. AXU-QNK ✓

**Q82** General Intelligence & Reasoning

किसी निश्चित कूट भाषा में, 'CURL' को '4386' और 'LURE' को '5846' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'E' का कूट क्या होगा?

A. 8

B. 3

C. 5 ✓

D. 6

**Q83** General Intelligence & Reasoning

किसी निश्चित कूट भाषा में, 'KIDS' को '1248' और 'SILK' को '2941' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'L' का कूट क्या होगा?

A. 8

B. 9 ✓

C. 1

D. 2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q84** General Intelligence & Reasoning

BESWARM शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दाईं ओर से चौथा होगा?

A. F

B. N ✓

C. X

D. S

**Q85** General Intelligence & Reasoning

नेहल अपनी कक्षा में शीर्ष से 22वें स्थान पर और नीचे से 10वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

A. 30

B. 32

C. 33

D. 31 ✓

**Q86** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. MHG ✓

B. RUS

C. KNL

D. NQO

**Q87** General Intelligence & Reasoning

सात बॉक्स, G, H, I, J, O, K और L एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। J को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। J और I के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। K को J के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। I और L के बीच केवल G रखा गया है। H को I के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। O और K के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

A. तीन

B. चार

C. दो

D. एक ✓

**Q88** General Intelligence & Reasoning

उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

ZRD : WPC
WET : TCS

A. RKF : OID

B. YDG : VBF ✓

C. XAP : UYN

D. VYA : UWX

**Q89** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।)
(बाएं) 2 4 9 6 7 1 4 6 3 9 5 2 4 8 6 1 3 2 7 6 2 5 8 1 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक से ठीक पहले एक विषम अंक और उसके ठीक बाद एक सम अंक आता है?

A. दो

B. एक

C. चार

D. तीन ✓

**Q90** General Intelligence & Reasoning

वर्णानुक्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. QUR

B. JNK

C. GKH

D. INJ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

**Q91** General Awareness

2025 में रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली?

A. श्री निशांत कुमार
B. लालू प्रसाद यादव
C. श्री नीतीश कुमार ✓
D. तेजस्वी प्रसाद यादव

**Q92** General Awareness

निम्नलिखित में से कौन-सा निर्देशक सिद्धांत, 1976 के 42वें संशोधन अधिनियम के भाग के रूप में भारतीय संविधान में शामिल **नहीं** किया गया था?

A. अनुच्छेद 39A: समान न्याय को बढ़ावा देना और गरीबों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना।
B. अनुच्छेद 39: बच्चों के स्वस्थ विकास के अवसरों को सुरक्षित करना।
C. अनुच्छेद 38: राज्य आय, स्थिति, सुविधाओं और अवसरों में असमानताओं को कम करेगा। ✓
D. अनुच्छेद 48A: पर्यावरण संरक्षण और सुधार करना तथा वनों और वन्यजीवों की रक्षा करना।

**Q93** General Awareness

निम्नलिखित में से कौन-सी समिति, अपनी 2009 की रिपोर्ट में, भारत में गरीबी के स्तर का आकलन करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली विधि को पहली बार प्रस्तुत करने के लिए जानी जाती है?

A. ए.वी. सुब्रमण्यम समिति
B. सुरेश तेंदुलकर समिति ✓
C. रंगराजन विशेषज्ञ समूह
D. बी.एन. युगंधर समिति

**Q94** General Awareness

भारत द्वारा अगस्त 2025 में शुरू किए गए मिशन सुदर्शन चक्र का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. एक शक्तिशाली रक्षा हथियार प्रणाली बनाना ✓
B. आर्थिक सुधार को बढ़ावा देना
C. नागरिक विमानन को मजबूत करना
D. कृषि नवाचार का समर्थन करना

**Q95** General Awareness

निम्नलिखित में से किसने, आकाश-NG मिसाइल का सफलतापूर्वक उपयोगकर्ता परीक्षण किया?

A. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (BEL)
B. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (HAL)
C. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ✓
D. मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स

**Q96** General Awareness

सितंबर 2025 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में, स्पीड स्केटिंग में 1,000 m स्प्रिंट जीतकर पहले भारतीय सीनियर विश्व चैंपियन कौन बने?

A. धनुष बाबू
B. आनंदकुमार वेलकुमार ✓
C. कृष शर्मा
D. अनिश राज

**Q97** General Awareness

निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार ने 1947 में भारत की स्वतंत्रता के अवसर पर लाल किले में अपनी कला का प्रदर्शन किया था?

A. पंडित रवि शंकर
B. पंडित भीमसेन जोशी
C. पंडित हरिप्रसाद चौरसिया
D. उस्ताद बिस्मिल्लाह खान ✓

**Q98** General Awareness

लॉर्ड डलहौजी की कौन-सी नीति 1857 के विद्रोह का एक महत्वपूर्ण राजनीतिक कारण थी?

A. द्वैध शासन
B. वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट
C. राज्य-अपहरण नीति ✓
D. रैयतवाड़ी व्यवस्था

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q99** General Awareness

चेरापूंजी और मौसिनराम, दो ऐसे स्थान हैं जहां व्यापक रुप से भारत में सर्वाधिक वर्षा होती है, __________ में स्थित हैं।

A. नीलगिरि पहाड़ियों

B. खासी पहाड़ियों ✓

C. अरावली पहाड़ियों

D. सतपुड़ा पहाड़ियों

**Q100** General Awareness

भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से किस अनुसूची के अंतर्गत राज्यसभा में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सीटों का आवंटन किया गया है?

A. चौथी अनुसूची ✓

B. आठवीं अनुसूची

C. छठी अनुसूची

D. दसवीं अनुसूची

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

## General Science

40 Questions • Answer Key

**Q1** General Science

अनुरूपता (analogy) को पूरा करने के लिए एक शब्द का चयन करें।

प्राक्केंद्रकी कोशिका : छोटी और सरल :: सुकेंद्रकी कोशिका : ______

A. समान आकार और जटिलता

B. अपेक्षाकृत छोटी और सरल

C. अनियमित और सरल

D. अपेक्षाकृत बड़ी और जटिल ✓

**Q2** General Science

दो पिंड A और B एकसमान गति से गतिमान हैं, पिंड A के दूरी-समय ग्राफ की प्रवणता पिंड B के दूरी-समय ग्राफ की प्रवणता से अधिक है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. पिंड A का त्वरण पिंड B के त्वरण से अधिक है।

B. पिंड A की चाल पिंड B की चाल से कम है।

C. पिंड A की चाल पिंड B की चाल के बराबर है।

D. पिंड A की चाल पिंड B की चाल से अधिक है। ✓

**Q3** General Science

समभारिकों (isobars) में कौन-सा गुण समान होता है?

A. समान परमाणु क्रमांक

B. समान द्रव्यमान संख्या ✓

C. प्रोटॉनों की समान संख्या

D. समान रासायनिक गुणधर्म

**Q4** General Science

कॉपर के वैद्युतअपघटनी परिष्करण (electrolytic refining) में निम्नलिखित में से कौन-सा, **एनोड** के रूप में कार्य करता है?

A. शुद्ध कॉपर प्लेट (Pure copper plate)

B. कार्बन इलेक्ट्रोड (Carbon electrode)

C. कॉपर सल्फेट विलयन (Copper sulphate solution)

D. अशुद्ध कॉपर ब्लॉक (Impure copper block) ✓

**Q5** General Science

हीरे और ग्रेफाइट की विद्युत चालकता में अंतर इसलिए उत्पन्न होता है क्योंकि ______।

A. दोनों में मुक्त इलेक्ट्रॉन होते हैं, लेकिन उनकी संख्या भिन्न-भिन्न होती है

B. ग्रेफाइट में इलेक्ट्रॉन स्थानीयकृत होते हैं; हीरे में नहीं ✓

C. हीरे में धात्विक आबंधन होता है, ग्रेफाइट में नहीं

D. हीरे में आयन दृढ़ सं कुलित होते हैं

**Q6** General Science

क्रिया और प्रतिक्रिया बलों की मात्रा बराबर होने पर भी, वे बराबर त्वरण उत्पन्न नहीं कर सकते। क्यों?

A. क्योंकि केवल अधिक बल ही त्वरण उत्पन्न करता है।

B. क्योंकि बल एक ही वस्तु पर कार्य करते हैं।

C. क्योंकि प्रत्येक बल एक अलग वस्तु पर कार्य करता है, और वस्तुओं का द्रव्यमान भिन्न हो सकता है। ✓

D. क्योंकि प्रतिक्रिया बल हमेशा कम प्रभावी होते हैं।

**Q7** General Science

एकसमान गति के लिए दूरी-समय ग्राफ ______ से होकर गुजरना चाहिए।

A. मूल बिंदु ✓

B. केवल (1, 1)

C. (0, 1)

D. किसी भी बिंदु

**Q8** General Science

रूक्ष अंतर्द्रव्यी जालिका (rough endoplasmic reticulum) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. DNA प्रतिकृति

B. लिपिड संश्लेषण

C. एंजाइम विखंडन

D. प्रोटीन संश्लेषण ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

**Q9** General Science

किसी कार का द्रव्यमान 120 kg है। इसकी चाल को 72 km/h से बढ़ाकर 108 km/h करने के लिए कितना कार्य करना होगा?

A. $4.0 \times 10^4$ J

B. $1.0 \times 10^4$ J

C. $2.0 \times 10^4$ J

D. $3.0 \times 10^4$ J ✓

**Q10** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी फसल पद्धति योजनाबद्ध फसल अनुक्रम के माध्यम से मृदा की उर्वरता को बनाए रखती है?

A. क्रमिक सस्यन (Relay cropping)

B. सस्यावर्तन (Crop rotation) ✓

C. एकशस्सन (Monocropping)

D. मिश्रित सस्यन (Mixed cropping)

**Q11** General Science

नर एवं मादा युग्मक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. नर युग्मक बड़ा एवं गतिशील नहीं होता है; तथा मादा युग्मक छोटा एवं गतिशील होता है।

B. नर युग्मक बड़ा एवं गतिशील होता है; और मादा युग्मक छोटा एवं गतिशील नहीं होता है।

C. नर युग्मक छोटा एवं गतिशील नहीं होता है; तथा मादा युग्मक बड़ा एवं गतिशील होता है।

D. नर युग्मक छोटा एवं गतिशील होता है; और मादा युग्मक बड़ा एवं गतिशील नहीं होता है। ✓

**Q12** General Science

कौन-सा कथन सबसे सटीकता से वर्णन करता है, कि एकल खाद्य श्रृंखलाओं की तुलना में खाद्य जाल किसी पारिस्थितिकी तंत्र को अधिक स्थिरता क्यों प्रदान करते हैं?

A. उनमें जीवों की संख्या कम होती है।

B. उनमें केवल उत्पादक शामिल होते हैं।

C. वे केवल ऊर्जा का पुनर्चक्रण करते हैं।

D. वे संतुलन सुनिश्चित करते हुए, कई खाद्य संबंधों की सुविधा देते हैं। ✓

**Q13** General Science

पादप मूलों की अधिचर्म कोशिकाओं में सामान्यत: कौन-सी विशिष्टता पाई जाती है, जो उनके प्राथमिक कार्य में सहायता करती है?

A. अनियमित मोटे कोर

B. लंबे, रोम जैसे विस्तार ✓

C. विस्तृत वायु गुहिकाएं (वायूतक)

D. क्यूटिन की मोटी, मोम जैसी परत

**Q14** General Science

यदि वेग-समय ग्राफ, वक्रित (अरैखिक) है, तो वस्तु ________ के साथ गतिमान है।

A. एकसमान त्वरण

B. संवेग परिवर्तन की नियत दर

C. असमान त्वरण ✓

D. नियत चाल

**Q15** General Science

द्रवों में **गैसों** की विलेयता सामान्यतः __________।

A. तापमान में वृद्धि के साथ पहले बढ़ती है और फिर घटती है

B. तापमान में वृद्धि के साथ बढ़ती है

C. तापमान से अप्रभावित रहती है

D. तापमान में वृद्धि के साथ घटती है ✓

**Q16** General Science

एक रासायनिक अभिक्रिया में, 5.6 g सोडियम 8.0 g क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करके सोडियम क्लोराइड बनाता है। द्रव्यमान संरक्षण के नियम के अनुसार, निर्मित सोडियम क्लोराइड का द्रव्यमान कितना होगा?

A. 12.4 g

B. 13.6 g ✓

C. 8.0 g

D. 14.4 g

**Q17** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा मानव शरीर में एरियोलर संयोजी ऊतकों से संबंधित **नहीं** है?

A. ऊष्मीकरण के लिए वसा कणों का भंडारण करना ✓

B. आंतरिक अंगों को सपोर्ट देना

C. ऊतकों को ठीक करने में सहायता करना

D. अंगों के भीतर की जगह भरना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▸ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q18** General Science

प्रकाश की उस किरण का क्या होता है, जो या तो मुख्य फोकस (उत्तल लेंस के लिए) से होकर गुजरती है या लेंस से टकराने से पहले मुख्य फोकस (अवतल लेंस के लिए) पर मिलती हुई प्रतीत होती है?

A. यह लेंस के फोकस तल पर प्रतिबिंब बनाती है।

B. अपवर्तन के बाद यह मुख्य अक्ष के समांतर निर्गत होती है। ✓

C. अपवर्तन के बाद यह यादृच्छिक रूप से मुड़ जाती है।

D. यह सदैव प्रकाशिक केंद्र पर अभिसरित होती है।

**Q19** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही तरीके से वर्णन करता है कि शिराओं में वाल्व होते हैं जबकि धमनियों में नहीं होते हैं?

A. धमनियां शरीर के अंदरूनी हिस्से में स्थित होती हैं और पेशी द्वारा समर्थित होती हैं।

B. धमनियां ऑक्सीजन युक्त रक्त ले जाती हैं और उन्हें वाल्व की आवश्यकता नहीं होती है।

C. शिराएं निम्न दाब पर रक्त ले जाती हैं और रक्त के उल्टे प्रवाह को रोकने के लिए वाल्व की आवश्यकता होती है। ✓

D. शिराएं उच्च दाब में रक्त ले जाती हैं, इसलिए वाल्व इसे फटने से रोकते हैं।

**Q20** General Science

विद्युत परिपथों में वोल्टता स्रोत को बदले बिना प्रतिरोध को बदलने के लिए प्राय: उपयोग किया जाने वाला उपकरण __________ है।

A. ऐमीटर

B. वोल्टमीटर

C. फ्यूज

D. रिओस्टेट ✓

**Q21** General Science

किसी अवतल दर्पण के ध्रुव और उसके सामने रखी वस्तु की स्थिति के बीच की दूरी 120 cm है। इस दर्पण द्वारा ध्रुव से 40 cm की दूरी पर स्थित स्क्रीन पर एक वास्तविक और उलटा प्रतिबिंब बनता है। इस दर्पण की फोकस दूरी कितनी होगी?

A. - 60 cm

B. + 30 cm

C. - 30 cm ✓

D. + 60 cm

**Q22** General Science

योगज अभिक्रियाएं किस प्रकार के हाइड्रोकार्बन की विशेषताएं हैं?

A. केवल ऐल्केन

B. ऐल्काइन और ऐल्कीन दोनों ✓

C. केवल ऐल्काइन

D. केवल ऐल्कीन

**Q23** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध विद्युत शक्ति (P) के लिए **गलत** है?

A. P=V2/R

B. P=I2R

C. P=VI

D. P=R/V2 ✓

**Q24** General Science

अनुरूपता (analogy) को पूरा करें।

खरीफ : वर्षा ऋतु :: रबी : ___________

A. शीत ऋतु ✓

B. वसंत ऋतु

C. शरद ऋतु

D. ग्रीष्म ऋतु

**Q25** General Science

यदि किसी तत्व 'X' के दो समस्थानिक X-35 और X-37 हैं, तो क्लोरीन (यदि X-35 = 25% और X-37 = 75%) का औसत परमाणु द्रव्यमान _____ होगा।

A. 36.5 u ✓

B. 34.5 u

C. 36.0 u

D. 35.5 u

**Q26** General Science

जब किसी वस्तु को उत्तल दर्पण से 30 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो वह 1/3 आवर्धन उत्पन्न करता है। प्रतिबिंब की दूरी कितनी होगी?

A. + 10 cm ✓

B. - 10 cm

C. + 90 cm

D. - 90 cm

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q27** General Science

एक उत्तल दर्पण जिसकी फोकस दूरी 'X' cm है, दर्पण के सामने 40 cm की दूरी पर रखी वस्तु का प्रतिबिंब 8 cm की दूरी पर बनाता है। X का मान क्या है?

A. + 20/3 cm

B. - 20/3 cm

C. + 10 cm ✓

D. - 10 cm

**Q28** General Science

किसी वस्तु के स्थान का वर्णन सदैव निर्देश बिंदु को निर्दिष्ट करके किया जाता है जिसे __________ के रूप में जाना जाता है।

A. मूल-बिंदु ✓

B. विस्थापन

C. अक्ष

D. अंतिम स्थिति

**Q29** General Science

कॉपर, जिंक और सिल्वर जैसी धातुओं का परिष्करण करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधि का उपयोग किया जाता है?

A. विद्युत अपघटनी परिष्करण ✓

B. आसवन

C. प्रगलन

D. निष्कर्षण

**Q30** General Science

यदि कोई तत्व −2 आवेश वाले आयन का निर्माण करता है, तो यह उसकी संयोजकता के बारे में क्या संकेत देता है?

A. तत्व ने 2 प्रोटॉन प्राप्त किए हैं।

B. तत्व ने 2 इलेक्ट्रॉन खो दिए हैं।

C. तत्व के नाभिक में 2 इलेक्ट्रॉन हैं।

D. तत्व ने 2 इलेक्ट्रॉन प्राप्त किए हैं। ✓

**Q31** General Science

जब ताम्र धातु को तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के संपर्क में लाया जाता है, तो बनने वाले उत्पाद की पहचान कीजिए।

A. कोई अभिक्रिया नहीं ✓

B. केवल लवण

C. लवण और क्लोरीन गैस

D. लवण और हाइड्रोजन गैस

**Q32** General Science

_____________ एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें खाद्य श्रृंखला में प्रत्येक उच्च पोषी स्तर पर दीर्घस्थायी, गैर-अपघटनीय रसायनों की सांद्रता उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है।

A. पारिस्थितिक अनुक्रम (Ecological succession)

B. जैवनिम्नीकरण (Biodegradation)

C. जैविक आवर्धन (Biological magnification) ✓

D. जैव उपचारण (Bioremediation)

**Q33** General Science

निम्नलिखित में से कौन-सा/से क्रिया प्रतिक्रिया बलों के विषय में सही **नहीं** है/है?

(i) क्रिया प्रतिक्रिया बल परिमाण में असमान होते हैं और सदैव एक ही दिशा में कार्य करते हैं।
(ii) क्रिया प्रतिक्रिया बल विभिन्न पिंडों पर कार्य करते हैं।
(iii) क्रिया प्रतिक्रिया बल एक ही पिंड पर कार्य करते हैं।

A. केवल (ii)

B. (i) और (ii) दोनों

C. केवल (iii)

D. (i) और (iii) दोनों ✓

**Q34** General Science

निम्नलिखित में से कौन-से युग्म संरचनात्मक समावयवों के रूप में सुमेलित हैं?
A) पेंटेन – 2-मेथिलब्यूटेन
B) ब्यूटेन – 2-मेथिलप्रोपेन
C) बेंजीन – साइक्लोहेक्सीन

A. केवल A और B ✓

B. केवल A और C

C. A, B और C

D. केवल B और C

**Q35** General Science

पुष्पी पादपों में परागकण की नर जनन-कोशिका का जब मादा युग्मक के साथ संलयन होता है, तो क्या बनता है?

A. परागकण (Pollen grain)

B. बीजांड (Ovule)

C. युग्मनज (Zygote) ✓

D. वर्तिकाग्र (Stigma)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q36** General Science

मेरिस्टेमी ऊतक पौधे की वृद्धि में योगदान देता है क्योंकि ____________।

A. इसकी कोशिकाओं में बड़ी केंद्रीय रिक्तिकाएँ होती हैं

B. इसकी कोशिकाएं जीवन भर निरंतर विभाजित होती रहती हैं ✓

C. इसकी कोशिकाएं स्थायी रूप से विभेदित होती हैं

D. इसकी कोशिकाओं में स्थूल द्वितीयक भित्तियाँ होती हैं

**Q37** General Science

सादृश्य को पूरा करने के लिए उचित विकल्प चुनें।

शीर्षस्थ विभज्या : लंबाई :: पार्श्व विभज्या : ___________

A. तनों की युक्तियाँ

B. परिधि ✓

C. केवल कोशिका विभेदन

D. नोड्स

**Q38** General Science

बोर के मॉडल (Bohr's model) के अनुसार, परमाणु में इलेक्ट्रॉन कहाँ पाए जाते हैं?

A. नाभिक के चारों ओर स्थिर वृत्ताकार कक्षाओं में गतिमान ✓

B. परमाणु के अंदर यादृच्छिक रूप से फैले हुए

C. परमाणु के बाहर मुक्त आकाश (स्थान) में स्थिर

D. नाभिक के अंदर स्थिर स्थानों पर

**Q39** General Science

अवतल दर्पण का वक्रता केंद्र (C) ___________ स्थित होता है।

A. दर्पण के सामने ✓

B. दर्पण के पीछे

C. ध्रुव (P) पर

D. अनंत पर

**Q40** General Science

यदि किसी विलयन का pH मान 3 है, तो विलयन में हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता कितनी है?

A. 1×10−2 M

B. 3×10−3 M

C. 1×10−3 M ✓

D. 3×10−2M

## Mathematics

25 Questions • Answer Key

**Q41** Mathematics

जब a = 16 और b = 12 है, तो $a^3 - b^3$ और $a^2 + b^2 + ab$ का तृतीय समानुपातिक ज्ञात कीजिए।

A. 160

B. 150

C. 158

D. 148 ✓

**Q42** Mathematics

निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 17 और 13 दोनों से विभाज्य है?

A. 22372

B. 21401

C. 20049

D. 21658 ✓

**Q43** Mathematics

निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक क्या है?
50, 43, 40, 51, 44, 46, 40, 43, 41, 45, 46, 40, 45, 47, 45, 49, 47, 40

A. 45

B. 40 ✓

C. 43

D. 46

**Q44** Mathematics

(3.6 × 2.5) − (4.8 ÷ 1.6) + (3.2 × 0.5) का मान ज्ञात कीजिए।

A. 7.8

B. 7.4

C. 7.2

D. 7.6 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q45** Mathematics

एक डीलर दो वस्तुएं X और Y ₹3,400 प्रति वस्तु की दर से खरीदता है। वह दोनों वस्तुओं पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 10% और 50% की दो क्रमागत छूट देकर बेचता है और फिर भी ₹323 का लाभ अर्जित करता है। यदि वह Y को 28% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

A. 75.2% ✓

B. 74.2%

C. 74%

D. 75%

**Q46** Mathematics

A, B और C ने क्रमशः 6 : 4 : 3 की समयावधि अनुपात में धनराशि को 2 : 3 : 4 के अनुपात में निवेश किया। यदि कुल लाभ ₹1,32,000 है, तो C का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

A. ₹43,000

B. ₹44,000 ✓

C. ₹42,000

D. ₹45,000

**Q47** Mathematics

दिया गया है कि $74^{0.45} = x$, $74^{0.12} = y$ और $x^z = y^2$ है, z का निकटतम मान ज्ञात कीजिए।

A. 3.99

B. 2.52

C. 1.45

D. 0.53 ✓

**Q48** Mathematics

किसी लैपटॉप की कीमत में, पहले मास में 20% की वृद्धि हुई, दूसरे मास में 10% की कमी हुई और तीसरे मास में फिर से 15% की वृद्धि हो गई। यदि लैपटॉप की मूल कीमत ₹1,20,000 थी, तो इन तीन परिवर्तनों के बाद अंतिम कीमत ज्ञात कीजिए।

A. ₹1,49,040 ✓

B. ₹1,42,800

C. ₹1,41,000

D. ₹1,38,000

**Q49** Mathematics

दो व्यक्ति A और B एक ही बिंदु से चलना शुरू करते हैं। A, 5 km/h की चाल से चलता है। 't' घंटे बाद, B चलना शुरू करता है और 2 घंटे चलने के बाद A को पकड़ लेता है। यदि B की चाल 8 km/h है, तो 't' का मान कितना है?

A. 1.3

B. 1.2 ✓

C. 1.5

D. 1.4

**Q50** Mathematics

एक कक्षा में 36 लड़के और 24 लड़कियां हैं। लड़कियों की संख्या में कितने प्रतिशत की वृद्धि की जाए ताकि यह लड़कों की संख्या के बराबर हो जाए?

A. 60%

B. 30%

C. 50% ✓

D. 40%

**Q51** Mathematics

मीना का वेतन ₹80,000 है। वह इसमें से x% धनराशि 15% साधारण ब्याज पर जमा कराती है। यदि जमा की गई राशि 3 वर्षों के बाद ₹17,400 हो जाती है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 20

B. 15 ✓

C. 12

D. 25

**Q52** Mathematics

एक परिवार में, पिता और पुत्र की आयु का योगफल 50 वर्ष है। वर्तमान से 10 वर्ष बाद, उनकी आयु में 20 वर्ष का अंतर होगा। पुत्र की आयु और पिता की आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 2:7

B. 5:8

C. 4:7

D. 3:7 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q53** Mathematics

कितनी राशि (₹ में) से 2 वर्षों में 8% वार्षिक दर से साधारण ब्याज के रूप में ₹700 प्राप्त होंगे?

A. 4575

B. 4375 ✓

C. 3875

D. 4775

**Q54** Mathematics

संख्या के एक-तिहाई में 10 जोड़ने पर 65 प्राप्त होता है। मूल संख्या के अंकों का योग ज्ञात कीजिए।

A. 12 ✓

B. 14

C. 9

D. 11

**Q55** Mathematics

यदि एक प्रिंटर 5 मिनट में 40 पृष्ठ प्रिंट करता है, तो 3 घंटे में कितने पृष्ठ प्रिंट होंगे?

A. 1440 ✓

B. 1560

C. 1620

D. 1810

**Q56** Mathematics

A किसी कार्य को 63 घंटे में कर सकता है; B और C मिलकर उसे 48 घंटे में कर सकते हैं, जबकि A और C मिलकर उसे 36 घंटे में कर सकते हैं। B अकेले उस कार्य को करने में कितना समय (घंटे में) लेगा?

A. 113

B. 111

C. 112 ✓

D. 114

**Q57** Mathematics

यदि एक 12 वर्षीय लड़की के स्थान पर एक नई लड़की को शामिल किया जाता है, तो छह लड़कियों की औसत आयु में चार महीने की वृद्धि हो जाती है। नई लड़की की आयु कितनी है?

A. 16 वर्ष

B. 13 वर्ष

C. 14 वर्ष ✓

D. 15 वर्ष

**Q58** Mathematics

एक बिक्री के दौरान, 44% माल 47% लाभ पर बेचा जाता है। शेष माल का 25% माल 22% लाभ पर बेचा जाता है, और शेष माल 38% हानि पर बेचा जाता है। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 7.8 ✓

B. 18

C. 12.4

D. 18.5

**Q59** Mathematics

A एक कार्य को 10 दिन में पूरा कर सकता है और B उसी कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकता है, जब दोनों अकेले कार्य करते हैं। A और B दोनों 3 दिन तक साथ मिलकर कार्य करते हैं। उसके बाद, B कार्य छोड़ देता है और A अकेले शेष कार्य पूरा करता है। A को शेष कार्य अकेले पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

A. 6 दिन

B. 8 दिन

C. 10 दिन

D. 5 दिन ✓

**Q60** Mathematics

किसी समलंब की समांतर भुजाओं की लंबाई 17 cm और 29 cm है, तथा उनके बीच की दूरी 15 cm है। समलंब का क्षेत्रफल कितना होगा?

A. 345 cm2 ✓

B. 315 cm2

C. 325 cm2

D. 335 cm2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q61** Mathematics

यदि $a + b = 12$ और $ab = 8$ है, तो $\left(\frac{a}{b} + \frac{b}{a}\right)$ का संख्यात्मक मान क्या होगा?

A. 20

B. 14

C. 12

D. 16 ✓

**Q62** Mathematics

$(\sec A + \tan A - 1)(\sec A - \tan A + 1)$

A. $3$

B. $2$

C. $\frac{2}{3}$

D. $\frac{1}{3}$ ✓

**Q63** Mathematics

किसी बेलनाकार छड़ का बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 7900 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 3 cm है, तो छड़ की बाह्य त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए (दशमलव के बाद दो स्थानों तक सही)।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए )

A. 418.94 ✓

B. 419.12

C. 417.52

D. 420.85

**Q64** Mathematics

समबाहु त्रिभुज ABC का केंद्रक G है। यदि AB = 36 cm है, तो AG की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

A. $8\sqrt{6}$

B. $10\sqrt{3}$

C. $6\sqrt{6}$

D. $12\sqrt{3}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

**Q65** Mathematics

$38 - [27 - (90 \div 5 - (12 - 18 \div 6) \div 3)]$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 24

B. 25

C. 26 ✓

D. 22

## General Intelligence & Reasoning

25 Questions • Answer Key

**Q66** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GXK OFS WNA EVI ?

A. MDO

B. MDQ ✓

C. MDR

D. MRF

**Q67** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'never fear life' को 'ro sb kp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'now or never' को 'sb tg ct' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'never' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो अक्षरों के हैं।)

A. kp

B. sb ✓

C. ct

D. tg

**Q68** General Intelligence & Reasoning

सात व्यक्ति, A, K, Q, D, E, F और N, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D पंक्ति के दाएं छोर से छठे स्थान पर बैठा है। F और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q और N का निकटतम पड़ोसी E है। K, N के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। A के बाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. E ✓

B. D

C. Q

D. K

**Q69** General Intelligence & Reasoning

PICKLED शब्द के सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर समूह में बाएं ओर से दूसरे अक्षर और दाएं ओर से चौथे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

A. एक

B. दो

C. तीन

D. चार ✓

**Q70** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. FK – DI

B. PU – MR ✓

C. CH – AF

D. JO – HM

**Q71** General Intelligence & Reasoning

Ap, Bx, Cu, Dk, Ey, Fn और Gm एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Dk, Bx के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। Ey और Dk का निकटतम पड़ोसी Cu है। Fn, Ap के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। Ey के सापेक्ष Gm की स्थिति क्या है?

A. दाईं ओर से तीसरा

B. ठीक बाईं ओर पड़ोस में

C. दाईं ओर से दूसरा ✓

D. बाईं ओर से दूसरा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q72** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) S I C X Z O A K L N T E W A Q D F H G U K O (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है तथा ठीक बाद भी एक स्वर है?

A. तीन
B. एक भी नहीं
C. दो ✓
D. एक

**Q73** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'T ÷ G – D + M x K' हो, तो T का K से क्या संबंध है?

A. पत्नी का भाई
B. पत्नी के पिता ✓
C. भाई
D. पिता

**Q74** General Intelligence & Reasoning

श्रेया, गोविंद की पत्नी है। गोविंद, हर्षित का भाई है। हर्षित, महक का पिता है। महक, आदित्य की बहन है। श्रेया का आदित्य से क्या रिश्ता है?

A. पिता के भाई की पत्नी ✓
B. माता के भाई की पुत्री
C. माता के भाई की पत्नी
D. पिता के भाई की पुत्री

**Q75** General Intelligence & Reasoning

केवल बिंदु Y से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 77 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 34 km चलता है, फिर दाएं मुड़ता है और 36 km चलता है। इसके बाद वह दाएं मुड़ता है और 65 km चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 41 km चलकर बिंदु Z पर रुक जाता है। उसे वापस बिंदु Y पर पहुँचने के लिए कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

A. पूर्व की ओर 30 km
B. पूर्व की ओर 31 km ✓
C. उत्तर की ओर 33 km
D. पश्चिम की ओर 29 km

**Q76** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित समीकरण में '+' और '-' को आपस में बदल देने पर तथा 'x' और '÷' को आपस में बदल देने पर '?' के स्थान पर क्या आएगा?

8 ÷ 2 + 14 x 7 - 7 = ?

A. 21 ✓
B. 18
C. 12
D. 14

**Q77** General Intelligence & Reasoning

मिस्टर ओके बिंदु O से प्रारंभ करते हुए, पश्चिम की ओर 7 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। फिर वह बाईं ओर मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाईं ओर मुड़ता है, 14 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु O पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनत्तम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

A. 3 km पश्चिम की ओर
B. 4 km पूर्व की ओर
C. 3 km उत्तर की ओर ✓
D. 4 km दक्षिण की ओर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q78** General Intelligence & Reasoning

यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '−' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

53 R 61 S 96 P 3 Q 2 S 28 P 6 R 99 Q 3 S 32 = ?

A. 328
B. 348
C. 303 ✓
D. 365

**Q79** General Intelligence & Reasoning

उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठी 47 लोगों की एक पंक्ति में, कामू बाएं छोर से 12वें स्थान पर बैठा है। यदि तारा के दाएं ओर केवल 12 लोग बैठे हैं, तो कामू और तारा के बीच कितने लोग बैठे हैं?

A. 21
B. 22 ✓
C. 19
D. 20

**Q80** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, GDFH का संबंध एक निश्चित तरीके से JGIK है। इसी प्रकार, OLNP का संबंध ROQS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TQSU का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

A. WUTX
B. WTVX ✓
C. WTUX
D. VTWY

**Q81** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

CHM FKK INI LQG ?

A. OLI
B. NHG
C. HGY
D. OTE ✓

**Q82** General Intelligence & Reasoning

यदि EDUCATORS शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

A. दो
B. एक
C. चार
D. एक भी नहीं ✓

**Q83** General Intelligence & Reasoning

दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

29 35 46 52 63 ?

A. 67
B. 70
C. 71
D. 69 ✓

**Q84** General Intelligence & Reasoning

उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

GAU : JDX
REF : UHI

A. ZTD : CWH
B. SYI : UZL
C. CNH : FQK ✓
D. QEW : SGY

**Q85** General Intelligence & Reasoning

दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 21 63 189 567 ?

A. 1702
B. 1701 ✓
C. 1703
D. 1700

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

**Q86** General Intelligence & Reasoning

AD 24 का संबंध एक निश्चित तरीके से BE 12 से है। उसी प्रकार, KN 68 का संबंध LO 34 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, HK 42 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

A. IL 21 ✓
B. IM 21
C. JL 31
D. JM 33

**Q87** General Intelligence & Reasoning

निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)

(बाएं) 3 5 4 3 6 7 8 9 9 6 6 3 3 7 8 8 1 7 5 3 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है और ठीक बाद एक विषम संख्या है?

A. एक
B. एक भी नहीं
C. तीन ✓
D. दो

**Q88** General Intelligence & Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. UW-SU
B. OQ-MO
C. IK-FK ✓
D. DF-BD

**Q89** General Intelligence & Reasoning

सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। C, G के नीचे नहीं रखा है। E के नीचे केवल पाँच बक्से रखे हैं। C और E के बीच केवल एक बक्सा रखा है। B, A के ऊपर लेकिन G के नीचे रखा है। F सबसे ऊपर वाला बक्सा नहीं है। F के ठीक नीचे कौन सा बक्सा रखा है?

A. E
B. D
C. C ✓
D. B

**Q90** General Intelligence & Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'mind your business' को 'gv tr fy' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'your turn now' को 'cb gv kq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'your' का कूट क्या होगा? (सभी कूट केवल दो अक्षरों के कूट हैं।)

A. tr
B. kq
C. fy
D. gv ✓

## General Awareness

10 Questions • Answer Key

**Q91** General Awareness

किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य की उत्पत्ति दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में हुई और पारंपरिक रूप से मंदिरों में इसे भक्तिमय-भेंट (devotional offering) के रूप में प्रस्तुत किया जाता है?

A. ओडिसी
B. कथक
C. भरतनाट्यम ✓
D. मोहिनीअट्टम

**Q92** General Awareness

निम्नलिखित में से कौन भारत के संविधान के अनुच्छेद 316 के तहत राज्य लोक सेवा आयोग (SPSC) के सदस्यों की नियुक्ति करता है?

A. भारत के राष्ट्रपति
B. राज्य के राज्यपाल ✓
C. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
D. भारत के प्रधानमंत्री

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

**Q93** General Awareness

व्यापार उदारीकरण के तहत भारत ने किस वर्ष आयात पर लगे मात्रात्मक प्रतिबंधों (Quantitative Restrictions) को पूरी तरह से समाप्त कर दिया?

A. 2005

B. 1998

C. 1996

D. 2001 ✓

**Q94** General Awareness

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 2024-25 में भारत का अब तक का सबसे अधिक रक्षा उत्पादन कितना था?

A. ₹2.54 लाख करोड़

B. ₹3.14 लाख करोड़

C. ₹2.94 लाख करोड़

D. ₹1.54 लाख करोड़ ✓

**Q95** General Awareness

DST की TTDF योजना के तहत वित्त पोषित IIIT-नया रायपुर में चल रही 6G अनुसंधान परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?

A. AI-संचालित दूरसंचार क्लाउड प्लेटफॉर्म का निर्माण

B. स्मार्टफोन उत्पादन केन्द्रों का विस्तार

C. 50-क्विबिट क्वांटम कंप्यूटर का निर्माण

D. 6G सेल-फ्री संचार के लिए प्रोटोटाइप का विकास ✓

**Q96** General Awareness

प्रधानमंत्री मोदी ने G20 जोहान्सबर्ग शिखर सम्मेलन 2025 में कितनी वैश्विक पहलों का अनावरण किया?

A. चार

B. सात

C. पाँच

D. छह ✓

**Q97** General Awareness

भारत निम्नलिखित में से किस देश के साथ अरब सागर या हिंद महासागर में समुद्री सीमा साझा करता है?

A. मंगोलिया

B. मालदीव ✓

C. अफगानिस्तान

D. रूस

**Q98** General Awareness

निम्नलिखित में से किस ब्रिटिश भारतीय सरकारी कानून द्वारा द्वैध शासन के स्थान पर प्रांतों में प्रांतीय स्वायत्तता शुरू की गई थी?

A. 1909 का भारतीय परिषद अधिनियम

B. 1935 का भारत सरकार अधिनियम ✓

C. 1919 का भारत सरकार अधिनियम

D. 1892 का भारतीय परिषद अधिनियम

**Q99** General Awareness

1757 में हुए निम्नलिखित युद्धों में से कौन-सा युद्ध भारत में ब्रिटिश राजनीतिक नियंत्रण की शुरुआत का प्रतीक था?

A. श्रीरंगपट्टनम का युद्ध

B. प्लासी का युद्ध ✓

C. कोलाचेल का युद्ध

D. बक्सर का युद्ध

**Q100** General Awareness

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में वैश्विक स्तर पर भारत का कौन-सा स्थान है?

A. 83

B. 86

C. 84

D. 85 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play